RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच


पेज 7 एमी विजेता शो से जुड़ीं दीपिका...

वर्ष : 26 | अंक : 38 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 28 जनवरी, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा ने देश को एक सूत्र में बांधा : प्रधानमंत्री

## 'मन की बात' कार्यक्रम में पीएम मोदी ने देशवासियों को किया संबोधित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साल के पहले मन की बात कार्यक्रम में आज प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा दो दिन पहले हम सभी देशवासियों ने 75वां गणतंत्र दिवस बहुत धूमधाम से मनाया। हमारे संविधान को 75 साल पूरे हो रहे हैं। हमारे लोकतंत्र के ये पर्व मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में भारत को और सशक्त बनाते हैं। भारत का संविधान काफी मंथन के बाद तैयार हुआ इसी लिए उसे जीवंत दस्तावेज कहा जाता है। ये बहुत दिलचस्प है कि संविधान के तीसरे अध्याय के प्रारंभ में संविधान निर्माताओं ने भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण जी के चित्रों को स्थान दिया था।

प्रधानमंत्री ने कहा प्रभु राम का शासन, हमारे संविधान निर्माताओं की भी प्रेरणा का स्त्रोत था इसलिए 22 जनवरी को अयोध्या में मैंने देव से देश की बात की थी, राम राष्ट्र की बात की थी। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा ने देश के करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांध दिया है। सबके हृदय में सबकी भक्ति में राम हैं। प्रधानमंत्री ने कहा प्रभु राम का शासन, हमारे संविधान निर्माताओं की भी प्रेरणा का स्त्रोत था इसलिए 22 जनवरी को अयोध्या में मैंने देव से देश की बात की थी, राम राष्ट्र की बात की थी। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा ने देश के करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांध दिया है। सबके हृदय में सबकी भक्ति में राम हैं। मैंने देश के लोगों से आग्रह किया था कि मकर संक्रांति से 22 जनवरी तक स्वच्छता का अभियान चलाएं। मुझे अच्छा लगा लोगों ने अपने-अपने क्षेत्र के



धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई की। ये भावना रुकनी नहीं चाहिए, ये अभियान रुकना नहीं चाहिए। सामूहिकता की यही शक्ति है, जो देश को सफलता की नई ऊंचाई पर पहुंचाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा इस बार 26 जनवरी की परेड अद्भुत रही, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा परेड में महिला शक्ति को देखकर हुई। जब महिला सैनिकों की टुकड़ी ने कर्तव्य पथ पर कदमताल किया, तो सभी गर्व से भर उठे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी डेढ़ हजार बेटियां शामिल हुईं। कई झांकियों में भी नारी शक्ति को प्रदर्शित किया गया। पीएम मोदी ने अर्जुन अवार्ड पाने वाले खिलाड़ियों की भी तारीफ। खासकर अर्जुन अवार्ड पाने वाली 13 महिला खिलाड़ियों की पीएम मोदी ने तारीफ की।

प्रधानमंत्री ने महिलाओं के स्वरोजगार समूहों को भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि वो दिन दूर नहीं, जब आपको गांव-गांव में खेतों में नमो ड्रोन दीदियां ड्रोन के माध्यम से खेती में मदद करती दिखाई देंगी। प्रधानमंत्री ने यूपी के बहराइच में बायो फर्टिलाइजर और बायो पेस्टिसाइड का इस्तेमाल करने वाली महिला किसानों का भी जिक्र किया।

पीएम मोदी ने कहा, इस बार भी ऐसे अनेकों देशवासियों को पद्म सम्मान दिया गया है, जिन्होंने जमीन से जुड़कर समाज में बड़े-बड़े बदलाव लाने का काम किया है। इन प्रेरक लोगों की जीवन-यात्रा के बारे में जानने को लेकर देश-भर में बहुत उत्सुकता दिखी है।

# नीतीश कुमार चुने गए एनडीए विधान मंडल दल के नेता

## राज्यपाल को सौंपा बीजेपी का समर्थन पत्र, फिर सरकार बनाने का किया दावा

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपना इस्तीफा राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को सौंप दिया और इसके साथ ही उन्होंने महागठबंधन की सरकार से नाता भी तोड़ लिया. अब वह एनडीए खेमे में आकर नई सरकार में भी मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। यानी बिहार में गठबंधन तो बदल गया, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही रहेंगे, यह बात बिल्कुल पक्की है. बता दें कि नीतीश कुमार को पाला बदल राजनीति का माहिर कहा जाता है, लेकिन जदयू नेताओं का कहना है कि वह तो अपनी जगह ही रहते हैं बल्कि उन्हें समर्थन देने वाले पाला बदलते हैं. यहां के खास बात यह भी बता दें कि सीएम नीतीश बीते पांच वर्षों के भीतर तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं।



### तीसरी बार भाजपा के साथ

- 1996 में नीतीश ने भाजपा से पहली बार गठबंधन किया था। 3 मार्च 2000 को सीएम बने, लेकिन बहुमत नहीं जुटा पाने की वजह से पद छोड़ा और अटलजी की सरकार में केंद्र में रेल मंत्री बने।
- 1996 से 2013 तक नीतीश भाजपा के साथ रहे। जब नरेंद्र मोदी को भाजपा ने प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया तो वे एनडीए से अलग हो गए। 2015 में महागठबंधन की सरकार में सीएम रहे।
- दूसरी बार वे 2017 में एनडीए में लौटे और भाजपा की मदद से सरकार बनाई।
- 2024 में अब वे तीसरी बार भाजपा की मदद से मुख्यमंत्री बनेंगे। 28 साल में तीसरी बार वे भाजपा के साथ हैं।

जाहिर है जदयू की बात कुछ हद तक सही भी कही जा सकती है क्योंकि महागठबंधन और एनडीए, दोनों खेमों के लिए नीतीश कुमार जरूरी और मजबूरी रहे हैं। दरअसल, वह बिहार की सियासत में एक बैलेंसिंग फैक्टर का काम करते हैं और जिस ओर जाते हैं सत्ता उस गठबंधन की ओर चली जाती है. हालांकि, एक बात फिक्स रहती है कि सत्ता की बागडोर नीतीश कुमार के हाथों में ही रहती है। एक बार फिर कुछ ऐसा ही हुआ है और नीतीश कुमार फिर सीएम पद की शपथ लेंगे। गौरतलब है कि 2015 में जब चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने 'बिहार में बहार है, नीतीशे कुमार है' स्लोगन दिया था तो इसके पीछे उनके जेहन में कहीं न कहीं यह सोच जरूर रही होगी।

# जिंदा जल पूरा परिवार

## दंपती सहित तीन बच्चे जल कर हुऐ राख

**बरेली (एजेंसी)।** यूपी के जनपद बरेली में दर्दनाक हादसा हुआ। फरीदपुर कोतवाली क्षेत्र के फखरपुर इलाके में घर के अंदर जिंदा जलने से पति-पत्नी सहित 3 बच्चों की मौत हो गई। शॉर्ट सर्किट या हीटर से हादसा होने की आशंका जताई जा रही है। मरने वालों में पति-पत्नी और उनके 3 बच्चे शामिल थे। घर के अंदर ही कमरे में पांचों लोग सोए हुए थे जो कि जिंदा जल गए। घर से धुआं निकलने पर पड़ोसियों ने घर का मुख्य दरवाजा तोड़ा। फिर कमरे का दरवाजा तोड़ा लेकिन तब तक कमरे में सो रहे पांचों लोग अपनी जान गवा चुके थे।

मृतकों में अजय 35 साल और उनकी पत्नी अनीता 32 साल, बेटा दिव्यांश 9 साल, बेटी दिव्यंग्या 6 साल सबसे छोटा बेटा दक्ष 3 साल का था. सभी लोग अपने परिवार के साथ मिलकर एक ही कमरे में सो रहे थे. इस दौरान शॉर्ट सर्किट या हीटर की वजह से घर में आग लगने से पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।

कमरे के अंदर पांचों शव जली अवस्था में पड़े थे। कमरे में रखा






सारा सामान जल गया था। मंजर इतना भयावह था कि लोगों की रूह कांप गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन व रिश्तेदार पहुंच गए। हर कोई इस घटना से स्तब्ध है।

घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए। आसपास के लोगों से जानकारी की। एसडीएम, तहसीलदार के साथ नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ नितिन कुमार गंगवार भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस घटना की जांच कर रही है। कमरे में गैस सिलिंडर रखा मिला है। घटना के बाद से मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# कालकाजी मंदिर में जागरण के दौरान गिरा मंच , एक की मौत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली। कालकाजी मंदिर में शनिवार की रात को बड़ा हादसा हो गया है। 27-28 जनवरी की आधी रात को महंत परिसर में माता जागरण में लकड़ी और लोहे के फ्रेम से बना एक मंच गिर गया, जिसमें 17 लोग घायल हो गए हैं। वहीं एक लोग की मौत हो गई है।

बताया जा रहा है कि इस जागरण में बॉलीवुड के मशहूर सिंगर बी प्राक पहुंचे थे। जिन्हें देखे के लिए भीड़ जमा हो गई थी। इसी दौरान मंदिर परिसर में भगदड़ मच गई। पुलिस ने इस मामले में आयोजकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली के कालका जी मंदिर में देर रात बड़ा हादसा हो गया। यहां कल रात जागरण के दौरान स्टेज गिरने से भगदड़ मच गई। जिसमें एक महिला की मौत हो गई. वहीं, 17 लोग घायल हो गए। हादसा करीब रात 12.30 बजे के करीब हुआ। इस कार्यक्रम में बहुत ज्यादा लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई थी। बताया जा रहा है कि ज्यादा से ज्यादा लोग मंच के नजदीक पहुंचना चाह रह थे। इसके अलावा मंच के किनारे बने साइड मंच पर भी लोग चढ़ने की कोशिश कर रहे थे। मंदिर प्रशासन और पुलिस के मना करने के बावजूद लोग काबू में नहीं आए और मंच का साइड वाला हिस्सा गिर गया। मंच का हिस्सा गिरते ही अफरातफरी और भगदड़ जैसी स्थिति हो गई। इस हादसे के सभी घायलों को एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

इस हादसे में अब तक 17 लोगों को चोटें आई हैं। लगभग 45 साल की एक महिला को मैक्स अस्पताल में लाया गया तो उसकी मौत हो गई। मृतक महिला की अभी पहचान नहीं हो पाई है। मृतक को दो शख्स ऑटो से अस्पताल ले गये थे। मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। क्राइम टीम ने रविवार सुबह घटनास्थल का दौरा किया। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### मंदिर का 23वां वार्षिक जागरण था

मंदिर के पुजारी सुनील सनी ने बताया कि कल कालकाजी मंदिर में 23वां वार्षिक जागरण था। इसमें बी प्राक और सुनील मित्तल जैसे बड़े गायक आए थे। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त भी पहुंचे थे। जब बी प्राक पहुंचे, तो भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई।

# कौन बनाएगा फिल्म सिटी ?

## अभिनेता अक्षय कुमार व बोनी कपूर ने दिया प्रेजेंटेशन, 30 को लगेगी अंतिम मुहर

**ग्रेटर नोएडा।** फिल्म सिटी परियोजना के लिए अक्षय कुमार, बोनी कपूर, केसी बोकाड़िया समेत चार कंपनियों के प्रतिनिधियों ने शनिवार को औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार की अध्यक्षता में गठित समिति के सम्मुख प्रस्तुतिकरण दिया। चारों कंपनियों को तकनीकी मूल्यांकन में सफल पाया गया है। तीस जनवरी को वित्तीय निविदा खोलकर विकासकर्ता का चयन होगा।

वित्तीय निविदा यमुना प्राधिकरण कार्यालय में खोली जाएगी। यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 21 में 230 एकड़ में फिल्म सिटी परियोजना विकसित होगी। इसके लिए चार कंपनियों सुपर कैसेट्स इंडस्ट्रीज, बेव्यू प्रोजक्टस, फोर लायन्स फिल्म्स प्रा. लि., सुपरसोनिक टेक्नोबिल्ड प्रा. लि. ने निविदा डाली है।



चारों कंपनियों की ओर से प्रस्तुतिकरण दिया गया। इसके लिए प्रमुख सचिव एवं अध्यक्ष यमुना प्राधिकरण अनिल कुमार सागर, निदेशक सूचना शिशिर सिंह, सहायक निदेशक अंशुमन त्रिपाठी आन लाइन शामिल हुए। प्राधिकरण कार्यालय में आइडीसी मनोज कुमार सिंह, सीईओ डा. अरुण वीर सिंह, एसीईओ कपिल सिंह, विपिन कुमार जैन व ओएसडी शैलेंद्र भाटिया, शैलेंद्र कुमार सिंह, सीएलए आरपी गुप्ता, सलाहकार कंपनी सीबीआरई के अधिकारी शामिल हुए। बेव्यू प्रोजक्ट्स की ओर से बोनी कपूर, भूटानी इंफ्रा के सीईओ आशीष भूटानी, अश्विनी चैटले, अली चैटले, राजीव अरोड़ा, अरविंद कुमार बिन्नी ने परियोजना के लिए अपना विजन, कान्सेप्ट, टाइम लाइन की आदि की जानकारी दी।

# हाइवे पर पलटा एथनाल से भरा टैंकर

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ के सरोजनीनगर इलाके में आज सुबह एक तेज रफ्तार एथनाल भरा टैंकर पलट गया। राहगीरों ने पुलिस के साथ ही फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने आनन-फनान सड़क जामकर टैंकर के ऊपर पानी की बरसात शुरू कर दी। जिससे एक पटरी पर जाम लग गया। दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद रोड में फैला एथनाल धुला। जिससे बड़ा हादसा टल गया।

सरोजनीनगर थाना प्रभारी शैलेंद्र गिरी के मुताबिक गोरखपुर से एथनाल टैंकर में लोड करके कानपुर जा रहा। सरोजनीनगर के शांति नगर में अचानक टैंकर पलट गया जिससे एथेनाल लखनऊ कानपुर सड़क पर फैल गया।

सूचना पाकर मौके पर पहुंचे फायर कंट्रोल रूम के सीएफओ मंगेश कुमार ने अपने दमकल कर्मचारियों द्वारा हाईवे के किनारे घरों में जाकर गैस न जलाने की सबसे अपील की और पूरे इलाके की लाइट व हाई टेंशन लाइन को बंद कर दिया। उसके बाद दमकलकर्मियों ने लखनऊ कानपुर की एक पट्टी को बंदकर कर हाईवे को धुलना शुरू कर दिया साथ ही टैंकर के ऊपर भी पानी की बरसात करते रहे।

जानकारी के मुताबिक, एथनाल फैलने की वजह से इलाके में बड़ा ब्लास्ट हो सकता था। दमकलकर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद रोड से एथनाल को साफ किया गया। उसके बाद क्रेन लगाकर टैंकर को उठाया गया जिससे किसी भी प्रकार की कोई भी जानहनि नहीं हुई है। सड़क बंद होने से पटरी पर काफी देर तक जाम लग गया।

### 'मन की बात' कार्यक्रम





आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' के ओजस्वी एवं प्रेरणादाई वक्तव्यों को नोएडा के सेक्टर 44 कार्तिक कुंज सैनिक विहार मंडल के बूथ नंबर 382 पर मंडल उपाध्यक्ष पुष्कल गुप्ता, रेनूबाला शर्मा, विवेक मिश्रा, बूथ अध्यक्ष निरंजन राउत, मनीष गुप्ता, एवं मंडल के कार्यकर्ताओं साथ सुना। साथ में भाजपा के महामंत्री उमेश त्यागी ने भी सेक्टर 44 में मोदी की की बात सुनी।

# हम पूर्ण हैं कहां

पूर्ण राज्यत्व की सौगंध खाते हुए आधी सदी गुजर गई, लेकिन हम घोषणा व संकल्प के बीच सीधा रास्ता नहीं चुन पाए। इसके ऐवज में हमारी लड़ाइयां बढ़ गईं तो अदालतें बढ़ा दी गईं। ग्रामीण आर्थिकी तहस-नहस हो गई, लेकिन पंचायत का चुनाव महंगा और छप्पर को छप्पर से लड़ाने की तस्वीर हो गया। जागरूक हिमाचलियों के तमगे ने सामूहिकता और सामुदायिक भावना के सारे छोर छीन लिए, अलबत्ता हमने नदी से किनारे, बावड़ी से जल स्रोत और कूहल से उसकी रफ्तार छीन ली। ऐसे में क्या रियासतों का हिमाचल बेहतर था जहां जनता खुद त्योहार बुनती थी या जहां साझी रसोई का धुआं मंडी की प्रदक्षिणा करता था। क्या सुजानपुर के मैदान या चंबा के चौगान जैसा कोई और मैदान हम इन पचास सालों में बना पाए। क्या कांगड़ा चाय के बागान को बढ़ा पाए। आज भी भूरिसिंह, कांगड़ा या राज्य संग्रहालय की चाक चौबंद दीवारों के भीतर कहीं कांगड़ा कलम चीख रही है या राज्य का कलात्मक माहौल कहीं गुम है। शोर बहुत है नगाड़ों का, लेकिन खबर इन पर पाबंदी की है। बेशक एक नए हिमाचल की कसरतों के हमने बीज बोए, उगाए और काटे भी, मगर हमारे कृषि-बागबानी विश्वविद्यालय अब आयातित अनुसंधान की शाखाओं पर किसान-बागबान की जन्मपत्री देख रहे हैं। किसान देश की जन्मपत्री में किसान निधि के छह हजार रुपयों पर पल रहा है और खेत में वानर नृत्य मशहूर हो गया। अगर यही हमारे राज्य की संपूर्णता है, तो कोई खोज कर बताए कि बड़सर का गुड़ और शक्कर कहां चली गई। कहां चली गई बगली की बासमती की खुशबू और कहां भटक गया घुमारवीं का जिमीकंद। अब भरमौर-बिलासपुर की मक्की के बीज नदारद हैं और सिरमौर का अदरक गंजा हो गया। न रहे गन्ने के खेत और नहीं बचे खेत की मुंडेर पर खिलते हुए चकोतरे और माल्टे। अब कहां बची किन्नौर की पट्टी और सिरमौर का लोइया, हर हिमाचली की चमड़ी पर चढ़ गया पावरलूम का नशा। तिरस्कृत सत्तू ने पिज्जा को हलाल किया, तो अम्मा की लोरियों पर शगुन बन कर और डीजी के शोर में नाटी गुम है। हम पूर्ण नहीं, बल्कि लंबे हो गए। कभी देखी होंगी जेएनआरएम की लंबी गाड़ियां उन्हीं छोटी सडक़ों पर जो बताती हैं कि ये मूंछें घास की नहीं, हमारी तरक्की की नाक हैं। और यही तरक्की की नाक राजनीति के मतवालों ने जब धारण की तो हर सत्ता एक दुकान, खुशफहमी की दीवार और प्रशंसकों की भीड़ में भ्रम की दरबार हो गई। क्या हम 75 हजार करोड़ का उधार उठाकर कभी पूर्ण हुए। क्या हम जरूरत से अधिक घाटे के सरकारी उपक्रम चलाकर पूर्ण हुए। क्या हम लगातार सरकारी कर्मचारियों के वेतन-भत्तों पर मेहरबान होकर राज्य को पूर्ण बना पाए। वर्षों तक या आज भी राज्य की नियमावली की कठोरता निजी क्षेत्र की बांह मरोड़ कर सोच रही कि इस तरह आत्मनिर्भरता लायक धन बटोर लेगी। मजेदार बात यह कि हम शराब का छबील लगाकर सरकारी खजाने को ताकत दे रहे हैं। विभागीय लक्ष्यों में धनोपार्जन की विधियों में कुछ विभाग महती योगदान को उतारू रहते हैं, जबकि बिना पार्किंग सुविधा के आनलाइन जुर्माने की झड़ी लगाकर पुलिस बटोर लेती है खासा धन। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड दरअसल निजी उद्योग धंधों को परास्त करने की ऐसी छड़ी है, जो कभी घाव देने से रुकती नहीं। तीसरा खजाना खनन है, जो हिमाचल की दोपहरी में अंधेरों की कालिख लिए प्रदेश को खोद रहा है। आश्चर्य यह कि हर सरकार निजी निवेश की अलंबरदार बन कर खड़ी रही, लेकिन मोर्चे पर आकर सारा तूफान हार गया। हमने अपने युवा को सरकारी नौकर बनना सिखा दिया और यही घोषणा हमारे पूर्ण राज्यत्व की निशानियों में सबसे चमत्कार चुंबक की तरह हमें खींच रही है। बदलने में कोई ऐसा संकल्प नहीं जो जीना सिखा सके। स्वाभिमान सिखा सके। कर्जमुक्त हिमाचल को राह दिखा सके। किफायत से सरकारी खर्च उठाना सिखा सके। इस दौरान हमने तो अपनी बोली और अपनी संस्कृति तक छोड़ दी। हिमाचल को हिमाचल तक पहुंचाने के लिए कई रियासतें और पंजाब पुनर्गठन से आकर मिले पर्वतीय क्षेत्रों का श्रम रहा, लेकिन आज तक हम बोलियों और अलग-अलग धामों में बंटे पहाड़ी हैं। क्या हमारी एक धाम, एक नृत्य और एक भाषा का संकल्प पूरा नहीं हो सकता। क्या हम एक पूर्ण प्रदेश के तत्वों को सहेज कर समृद्ध बना सके। क्या हमने ऐसी राजनीति और सुशासन का श्रृंगार किया जो सिरमौर से भरमौर और चन्नौर से किन्नौर तक एक सरीखी बात कर सके तथा राज्य के एक संकल्प को साध सके। नहीं, अभी भी हम बिखरे और अपनी-अपनी उधेड़बुन में खुश हैं कि कांगड़ा के गद्दियों को ट्राइबल स्टेटस और गिरीपार भी इसी सीमा में प्रवेश कर गया। हम हिमाचल की गलियां बना कर कैसे पूर्ण होंगे, कोई इसका उत्तर नहीं जानता।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि ( रज, तम आदि ) गुणों का किया हुआ सन्निपात किसे नहीं हुआ? ऐसा कोई नहीं है जिसे मान और मद ने अछूता छोड़ा हो। यौवन के ज्वर ने किसे आपे से बाहर नहीं किया? ममता ने किस के यश का नाश नहीं किया?॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**मच्छर काहि कलंक न लावा। काहि न सोक समीर डोलावा॥**
**चिंता साँपिनि को नहिं खाया। को जग जाहि न ब्यापी माया॥**
मत्सर (डाह) ने किसको कलंक नहीं लगाया शोक रूपी पवन ने किसे नहीं हिला दिया चिंता रूपी साँपिन ने किसे नहीं खा लिया जगत में ऐसा कौन है, जिसे माया न व्यापी हो॥
**कीट मनोरथ दारु सरीरा। जेहि न लाग घुन को अस धीरा॥**
**सुत बित लोक ईषना तीनी। केहि कै मति इन्ह कृत न मलीनी॥**
मनोरथ क्रीड़ा है, शरीर लकड़ी है। ऐसा धैर्यवान कौन है, जिसके शरीर में यह कीड़ा न लगा हो पुत्र की, धन की और लोक प्रतिष्ठा की, इन तीन प्रबल इच्छाओं ने किसकी बुद्धि को मलिन नहीं कर दिया (बिगाड़ नहीं दिया)॥
**यह सब माया कर परिवारा। प्रबल अमिति को बरनै पारा॥**
**सुत बित लोक ईषना तीनी। केहि कै मति इन्ह कृत न मलीनी॥**
मनोरथ क्रीड़ा है, शरीर लकड़ी है। ऐसा धैर्यवान कौन है, जिसके शरीर में यह कीड़ा न लगा हो पुत्र की, धन की और लोक प्रतिष्ठा की, इन तीन प्रबल इच्छाओं ने किसकी बुद्धि को मलिन नहीं कर दिया (बिगाड़ नहीं दिया)॥
**दो0-ब्यापि रहेउ संसार महुँ माया कटक प्रचंड।**
**सेनापति कामादि भट दंभ कपट पाषंड॥**
माया की प्रचंड सेना संसार भर में छाई हुई है। कामादि (काम, क्रोध और लोभ) उसके सेनापति हैं और दम्भ, कपट और पाखंड योद्धा हैं॥
**सो दासी रघुबीर कै समुझें मिथ्या सोपि।**
**छूट न राम कृपा बिनु नाथ कहउँ पद रोपि॥**
वह माया श्री रघुवीर की दासी है। यद्यपि समझ लेने पर वह मिथ्या ही है, किंतु वह श्री रामजी की कृपा के बिना छूटती नहीं। हे नाथ! यह मैं प्रतिज्ञा करके कहता हूँ॥

क्रमशः

# राम विवाद नहीं, समाधान हैं, मोदी के इस कथन को व्यापक परिप्रेक्ष्य में समझना चाहिए

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अयोध्याधाम में प्रभु श्रीराम मंदिर के सफल प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की और एक धन्यवाद प्रस्ताव में कहा कि लोगों द्वारा उनके प्रति दिखाए गए प्यार और स्नेह ने उन्हें 'जननायक' के रूप में स्थापित किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा पढ़े गए इस प्रस्ताव में मोदी को एक नए युग का अग्रदूत बताया गया। क्योंकि उन्हीं की अगुवाई में सोमवार को अयोध्या में संपन्न कार्यक्रम में नवनिर्मित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में श्री रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि हम कह सकते हैं कि 1947 में इस देश का शरीर स्वतंत्र हुआ था और अब इसमें आत्मा की प्राण-प्रतिष्ठा हुई है। निश्चित ही मोदी अब इस नए युग के प्रवर्तन के बाद, नवयुग प्रवर्तक के रूप में भी सामने आए हैं। श्रीरामलला के नूतन विग्रह में प्राण-प्रतिष्ठा की अपूर्व एवं अलौकिक घटना भारत के लिये युगांतरकारी है। हम एक नये युग में पदार्पण कर रहे हैं। यह नवयुग एवं नया दौर आशा और विश्वास के साथ ही जिम्मेदारियों से भरा है।

नरेन्द्र मोदी के महान एवं ऊर्जस्वल व्यक्तित्व को एक राजनीतिक दल के सर्वोच्च नेता के सीमित दायरे में बांधना उनके व्यक्तित्व को सीमित करने का प्रयत्न है। उन्हें नए राष्ट्र का निर्माता कहा जा सकता है। मोदी जैसे व्यक्ति दो-चार नहीं, अद्वितीय होते हैं। उनका गहन चिन्तन राष्ट्र के आधार पर नहीं, वरन् उनके चिन्तन में राष्ट्र अपने को खोजता है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण के माध्यम से स्वस्थ मूल्यों को स्थापित करके राष्ट्र को सजीव एवं शक्तिसम्पन्न बनाने का प्रयत्न किया है। राष्ट्र-निर्माण की कितनी नयी-नयी कल्पनाएं उनके मस्तिष्क में तरंगित होती रहती हैं। अयोध्या में भगवान श्रीराम के 'भव्य, दिव्य मंदिर' की प्राण-प्रतिष्ठा उनके ही संकल्पों की निष्पत्ति है। इसके साथ ही प्राण-प्रतिष्ठा की यह तारीख आने वाले हजारों वर्षों के लिये एक उजाला एवं संकल्प बनते हुए नये इतिहास का सृजन करने वाली शुभ एवं श्रेयस्कर गति है। जैसा कि नरेन्द्र मोदी ने कहा है, 'यह नये इतिहास-चक्र की भी शुरुआत' है। इस अवसर पर दिये गये संबोधन में मोदी ने अपने संकल्प 'सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास' को एक नया आयाम भी दिया है। नरेन्द्र मोदी केवल व्यक्तियों के समूह को राष्ट्र मानने को तैयार नहीं हैं। उनकी दृष्टि में राष्ट्र के सदस्यों में निम्न विशेषताओं का होना आवश्यक है जिस राष्ट्र के सदस्यों में इस्पात-सी दृढ़ता, संगठन में निष्ठा, चारित्रिक उज्ज्वलता, कठिन काम करने का साहस और उद्देश्य पूति के लिए स्वयं को झोंकने का मनोभाव होता है, वह राष्ट्र अपने निर्धारित लक्ष्य तक बहुत कम समय में पहुंच जाता है। कहा जा सकता है कि नरेन्द्र मोदी के राष्ट्र-चिंतन में जो क्रांतिकारिता, परिवर्तन एवं नये दिशाबोध हैं, वे राष्ट्र के



**प्रभु श्रीराम के मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा इस सोच और संकल्प के साथ आयोजित हुआ है कि हमें कुछ नया करना है, नया बनना है, नये पदचिह्न स्थापित करने हैं। बीते वर्षों की कमियों पर नजर रखते हुए उन्हें दोहराने की भूल न करने का संकल्प लेना है।**

चिंतकों को भी चिंतन की नयी खुराक देने में समर्थ हैं।

अयोध्या में मोदी ने अपने संबोधन में कहा है, 'राम विवाद नहीं, समाधान है'। उनके इस कथन को व्यापक परिप्रेक्ष्य में समझा और स्वीकारा जाना चाहिए। यह भी समझा जाना चाहिए कि प्रधानमंत्री का यह कथन देश में संभावनाओं के नये आयाम भी खोल रहा है। राम और राष्ट्र के बीच की दूरी को पाटने का एक स्पष्ट संकेत भी प्रधानमंत्री ने दिया है। इस बात को भी समझने की ईमानदार कोशिश होनी चाहिए कि श्रीराम की महत्ता हिंदू समाज के आराध्य होने में ही नहीं है, बल्कि उन्हें सुशासन का प्रतीक पुरुष एवं शासक समझने में भी है। तभी हमारा राष्ट्र राजनीतिक विसंगतियों से मुक्त होकर सुशासन का आधार बन सकता है। जिसमें हर नागरिक को, चाहे वह किसी भी धर्म, जाति, वर्ण, वर्ग का हो, प्रगति करने का समान और पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए।

प्रभु श्रीराम के मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा इस सोच और संकल्प के साथ आयोजित हुआ है कि हमें कुछ नया करना है, नया बनना है, नये पदचिह्न स्थापित करने हैं। बीते वर्षों की कमियों पर नजर रखते हुए उन्हें दोहराने की भूल न करने का संकल्प लेना है। हमें यह संकल्प करना और शपथ लेनी है कि आने वाले वर्षों में हम ऐसा कुछ नहीं करेंगे जो हमारे उद्देश्यों, उम्मीदों, उमंगों और आदर्शों पर प्रश्नचिह्न टांग दे। अपनी उपलब्धियों का अंकन एवं कमियों की समीक्षा कर इस अवसर पर हर व्यक्ति अपनी विवेक चेतना को जगाकर अपने भाग्य की रेखाओं में राष्ट्रीयता और जिजीविषा के रंग भरें, सामंजस्य एवं सहिष्णुता को जीवन के व्यवहार में उतारने का अभ्यास करें। केवल अपनी भावनाओं को ऊंचा स्थान दे, वह स्वार्थी होता है। स्वार्थी होने की कीमत चुकानी ही पड़ती है। दूसरों की भावना के प्रति उदार बनें। उदार होने का मतलब है आप किसी के कहे बिना भी उनकी भावनाओं को समझें। उसके बारे में सोचें, विचारें। इससे आपके जीने का अंदाज बदल जायेगा। यही जीने की आदर्श शैली का प्रशिक्षण प्राण-प्रतिष्ठा महा-महोत्सव का हार्द है।

समूचा देश 'राममय' हो रहा है, इस ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय अवसर पर अपने-पराये का भेद मिटाने की आवश्यकता को भी समझना जरूरी है। धर्म के नाम पर, जाति के नाम पर, अर्थ के नाम पर, भाषा के नाम पर होने वाला कोई भी विभाजन 'राम-राज्य' में स्वीकार्य नहीं हो सकता। सांस्कृतिक अथवा धार्मिक राष्ट्रवाद के नाम पर किसी को कम या अधिक भारतीय आंकना भी राम-राज्य की भावना के प्रतिकूल है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि अयोध्या में नया मंदिर बनने के बाद हिंदू समाज में एक नया उत्साह है, जो स्वाभाविक भी है। पर हमें इस भाव की सीमाओं को भी समझना होगा। नदी जब किनारा छोड़ती है तो बाढ़ आ जाती है। सरसंघचालक मोहन भागवत ने प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर कहा भी था 'जोश के माहौल में होश की बात' करनी जरूरी है। यह होश ही वे किनारे हैं जो नदी को संयमित रखते हैं। जीवन का पड़ाव चाहे संसार हो या संन्यास, सीमा, संयम एवं मर्यादा जरूरी है। मर्यादा जीवन का पर्याय है। धरती, अंबर, समन्दर, सूरज, चांद-सितारें, व्यक्ति, धर्म एवं समाज सब अपनी-अपनी सीमाओं में बंधे हैं। जब भी उनकी मर्यादा एवं सीमा टूटती है, प्रकृति प्रलय एवं समाज अराजकता में परिवर्तित हो जाता है।

प्रभु श्रीराम के जीवन का कण-कण हमें मर्यादा की बात सिखा रहा है। अपेक्षा है, मानव अनुशासन और संयम को अपनाकर जीवन को संवारे। प्रभु श्रीराम के मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा का यह पावन अवसर सबको यही संदेश देता है कि संयम, सहिष्णुता एवं समानता से ही समस्याओं का निपटारा संभव है। पथभ्रान्त पथिक के लिये मर्यादा ही सच्चा पथदर्शन बनेगी। युग की उफनती समस्याओं की नदी मर्यादा की मजबूत नाव से ही पार की जा सकेगी। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की इस भूमि पर मर्यादा को स्थापित करने और उसे गौरवान्वित करने की इस विलक्षण एवं अनूठी घटना से हम सभी प्रेरित हो, विनाश का ग्रास बनती इस ऊर्वरा भारत-भू को विकास के शिखर पर चढाएं। सहिष्णुता यानि सहनशीलता। दूसरे के अस्तित्त्व को स्वीकारना, सबके साथ रहने की योग्यता एवं दूसरे के विचार सुनना- यही शांतिप्रिय एवं सभ्य समाज रचना एवं रामराज्य का आधारसूत्र है और इसी आधारसूत्र को नये भारत का संकल्पसूत्र बनाना है। परिवार, गांव, समाज जैसी संस्थाएं टूट रही हैं। रिश्ते समाप्त हो रहे हैं। आत्मीयता समाप्त हो रही है। तथाकथित विकास के रास्ते पर जो हम चल रहे हैं वह केवल बाहरी/भौतिक है, जो सहिष्णुता के आसपास पनपने वाले सभी गुणों से हमें बहुत दूर ले जा रहा है। आधुनिक संचार माध्यमों के कारण जहां दुनिया छोटी होती जा रही है, वहीं मनुष्य ने अपने चारों तरफ अहम् की दीवारें बना ली हैं, जिसमें सहिष्णुता के लिए कोई गुंजाइश नहीं है। राष्ट्र की वर्तमान परिस्थितियों में फैलता वैचारिक एवं अनैतिक प्रदूषण, आर्थिक अपराधीकरण, रीति-रिवाजों में अपसंस्कृति का अनुसरण, धार्मिक संस्कारों से कटती युवापीढ़ी का रवैया, समाज-राष्ट्र में बढ़ता सत्ता, प्रतिष्ठा और धन का अन्धाधुन्ध आकर्षण जैसे जीवन-सन्दर्भों के साथ किसी भी कीमत पर समझौता न कर हम समझ के साथ प्रभु श्रीराम के जीवन-आदर्शों को बहुमान दें। तभी रामराज्य की बुनियाद पर समाज एवं राष्ट्र को नई प्रतिष्ठा एवं नई दिशा मिल सकेगी।

**-ललित गर्ग**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

## व्यंग्य
## भाषण से कम हो रहा प्रदूषण

कई दिन पहले एक लेख पढ़ा जिसमें स्पष्ट लिखा था, भाषण से कम नहीं होगा प्रदूषण। लेकिन मुझे लगता है कि भाषण से काफी कम हो जाता है प्रदूषण। यह जाना बूझा स्थापित सत्य है कि भाषण से और भी काफी कुछ कम होता रहा है और होता रहेगा। यह सौभाग्य है कि वातावरण और पर्यावरण के प्रदूषण में बिना कोशिशों के कमी आ रही है। फर्क सिर्फ सोच का है कि इसे कैसे समझें। दुनिया भर में नई, आरामदायक, शानदार जगहों पर सम्मलेन आयोजित किए जा रहे हैं। प्रदूषण कम करने और पर्यावरण संरक्षण को लेकर चिंता जताई जा रही है। इन नेक कारनामों से प्रदूषण कम होता ही है।



पिछले कई दशकों से यही हो रहा है कि भाषण देने से प्रदूषण कम हो रहा है। दूषित पर्यावरण के कारण आई आपदाओं पर आधारित बनी फिल्मों का मजा विकसित देशों में खूब लिया जाता है। उसे फिल्म की तरह देखा जाता है। उसमें दिए संजीदा संदेश को, पॉप कॉर्न की तरह खाकर, ऊपर से संतुष्टि का कोल्ड ड्रिंक पीकर, कचरा और बढ़ा दिया जाता है। सब जानते हैं जिंदगी एक बार मिली है और प्रलय ने आना ही है। हम सब कम सुविधाओं वाली नई दुनिया का इंतजार कर रहे हैं जिसमें बचे खुचे बढ़िया नागरिक हों। आदरणीय, पराक्रमी ईश्वर का नैसर्गिक कर्तव्य है कि पृथ्वी पर मनुष्यों की दुष्टता और शक्तिशाली देशों के नेताओं के भाषणों और खोखले दस्तावेजों पर आधारित योजनाओं से नाराज होकर प्रलय लाएं।

***पिछले कई दशकों से यही हो रहा है कि भाषण देने से प्रदूषण कम हो रहा है। दूषित पर्यावरण के कारण आई आपदाओं पर आधारित बनी फिल्मों का मजा विकसित देशों में खूब लिया जाता है। उसे फिल्म की तरह देखा जाता है।***

प्रशंसनीय है कि विकसित देश स्वार्थी कोशिशों में सफल होने के साथ प्रदूषण कम कर रहे हैं। अमीरी भी एक चीज होती है जो सबके पास नहीं होती। एक प्रसिद्ध संस्था यूएनओ है जिसके वक्ता कहते हैं कि अरबों लोग नियमित रूप से घातक हवा में सांस ले रहे हैं। उनका जीवन व स्वास्थ्य जोखिम भरा है। यह तो अच्छा है इस बहाने उनकी सहनशक्ति बढ़ रही है। वैसे भी अगर मरे तो कम साधन वाले ही मरेंगे। साधन तो बच जाएंगे न। सुख देने वाली बात यह है कि स्वास्थ्य समस्याएं झेलते हुए अरबों लोग जीते रहते हैं और मरने में बहुत साल लगाते हैं। कुछ सर्वे दिमाग खराब कर देते हैं। कभी कहते हैं एक घंटे में उतने लोग मरे, दूसरा सर्वे कहेगा एक मिनट में इतने मरे।

इतनी सुंदर, सुविधायुक्त गाड़ियों के ऋण, गलियों में आवाजें देकर बांटे जा रहे हैं। वे कहते हैं गाड़ियों की बढ़ती संख्या के कारण प्रदूषण और सांस सम्बन्धी बीमारियां पनप रही हैं। कहते हैं, यह कटु सत्य है कि वाहनों का धुंआ जहरीला होता है। जब नई गाड़ी में सन या मून स्क्रीन लगा हो तो किसे फुरसत होती है। धुंध या धुएं में फंसा चांद या सूरज देखकर बंदा कवि होना चाहेगा या प्रदूषण कार्यकर्ता। लेखों और भाषणों में शरीर को ऑक्सीजन नहीं, नुकसान पहुंचाने वाली गैसों के इतने लंबे और समझ न आने वाले नाम बताते हैं कि बंदा बैलगाड़ी को ही यात्रा हेतु उपयुक्त मानने लगे। शानदार, जानलेवा लुक वाली गाड़ियां, कर्ज लेने वालों का दिल चुरा लेती हैं और वे कहते हैं कि सार्वजनिक यातायात सुधरना चाहिए।

यह सच मान लेने में हर्ज नहीं कि भाषण से प्रदूषण तुरंत कम हो जाता है।

**- संतोष उत्सुक**

## राशिफल

माघ कृष्ण- द्वितीया | ( विक्रम संवत् 2080 )

**मेष- ( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )** आप अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आपका समय ठीक नहीं चल रहा है।

**वृष- ( ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो )** बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू तू मैं से बचें। मानसिक अवसाद की स्थिति दिख रही है।

**मिथुन- ( का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा )** घरेलू सुख बाधित रहेगा। घर में नकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। सीने में विकार संभव है।

**कर्क- ( ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा )** स्वास्थ्य में सावधानी बरतें। प्रेम संतान की स्थिति भी मध्यम है। व्यापार बहुत अच्छा नहीं रहेगा।

**सिंह- ( मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे )** मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। धन हानि के भी संकेत है। स्वास्थ्य नरम गरम, प्रेम संतान ठीक-ठाक, व्यापार भी सही चलेगा।

**कन्या- ( टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो )** ऊर्जा का स्तर घटता बढ़ता रहेगा। बेचैनी, घबराहट बनी रहेगी। प्रेम संतान ठीक रहेगा। व्यापार भी सही चलता रहेगा।

**तुला- ( रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त )** अनाब शनाब खर्चे मन को परेशान करेंगे। अज्ञात भय सताएगा। नेत्र पीड़ा, सर दर्द भी संभव है।

**वृश्चिक- ( तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू )** आय में उतार चढ़ाव बना रहेगा। मानसिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं रहेगी। बच्चों को लेकर के मन परेशान रहेगा।

**धनु- ( ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे )** व्यापारिक उतार चढ़ाव बना रहेगा। पिता के स्वास्थ्य को लेकर मन परेशान रहेगा। पैतृक संपत्ति की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है।

**मकर- ( भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी )** मकर राशि की स्थिति ठीक-ठाक कही जाएगी लेकिन मान सम्मान पर कोई ठेस न पहुंचने पाए इस बात का ध्यान रखें।

**कुम्भ- ( गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द )** स्वास्थ्य की स्थिति माध्यम रहेगी। चोर चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। थोड़ा बचकर पार करें।

**मीन- ( दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि )** जीवनसाथी के साथ कटुता बढ़ेगी। प्रेमी प्रेमिका में भी कटुता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा, प्रेम संतान मध्यम रहेगा।

# विकास के पथ पर निरंतर खुर्जा अग्रसर है : डॉ. महेश शर्मा



**नोएडा (चेतना मंच)।** ''सांसद आपके द्वार'' कार्यक्रमों को सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार डा. महेश शर्मा ने खुर्जा विधानसभा के ग्राम उस्मानपुर, बोरौली, मूंड़ाखेड़ा, नगला चीती, मीरपुर, नगला शेख, मंसूरपुर एवं रोहिन्दा में कार्यक्रम के अन्तर्गत स्थानीय निवासियों से संवाद कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा ''त्वरित आर्थिक विकास योजना'' के तहत ग्राम बोरौली में 590 मीटर आर.सी.सी. रोड जिसकी लागत रूपये 53.80 लाख है, एवं ग्राम नगला चीती में 600 मीटर आर.सी.सी. रोड जिसकी लागत रूपये 57.85 लाख है, इस सड़क को जनता को समर्पित किया। डा. महेश शर्मा ने कहा कि विकास के पथ पर निरंतर खुर्जा अग्रसर है। केन्द्र एवं प्रदेश की सरकार की योजना इसी क्षेत्र जल्द ही पूर्ण होने वाली है, जिससे गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र ही नहीं उत्तर प्रदेश के कई अन्य जिलों में रोशनी देने का कार्य भी टी.एच.डी.सी. पावर प्लान्ट द्वारा जो किया जा रहा है, उससे भी इस क्षेत्र को बहुत बड़ा फायदा होगा एवं नजदीक के जो भी गांव है उसका भी विकास कार्यो को गति मिलेगी एवं रोजगार के नये अवसर भी प्रदान होगे। सांसद निधि द्वारा भी उक्त गांवों का लगभग 50 लाख अधिक के विकास कार्य जैसे आर.सी.सी., इण्टरलॉकिन्ग /खंडजा व नाली का कार्य कराया गया है। और भी विकास कार्य जो बचे वह भी पूर्ण कराये जायेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के शासन काल में कानून व्यवस्था जो बहुत ही सुदृढ जिससे आज हमारी बच्चियां सुरक्षित है। इससे यह दिखता है कि डबल इंजन की सरकार जो भी कार्य कर रही है उसका फायदा सभी को मिल रहा है। मैं आप सभी से अनुरोध करता हूँ कि एक बार फिर 2024 में देष के उज्वल भविष्य को देखते हुए माननीय प्रधानमंत्री जी को तीसरी बार चुनकर लायेंगे। आपसभी का मैं हृदय की गहराईयों से आभार प्रकट करता हूँ।

इस कार्यक्रम के दौरान, सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश सिंह, विधायक खुर्जा श्रीमती मीनाक्षी सिंह, पूर्व विधायक खुर्जा बिजेन्द्र सिंह खटीक, भारत भूषण गौतम, वेद प्रकाश मलिक, उधम प्रधान, नवीन चैधरी, हरजीत सिंह टीटू, रवि प्रधान, विजय सोलंकी, देषराज सिंह, दीपक रिषी, पुष्पेन्द्र राघव, विनीत चैधरी, सतीष चैधरी, बब्बू गौतम, हरेन्द्र शर्मा, भगवान दास सिंघल, सुरेष शर्मा, नारायण मास्टर, नरेष सोलंकी, श्रीमती पारूल बंसल, रिन्कू शर्मा, राजेष खटीक, राहिल प्रधान आदि काफी संख्या में उपस्थित रहे।

# सोनीपत में तेज रफ्तार कार से कुचलने पर चार साइकिल सवारों की मौत

**सोनीपत।** मामा भांजा चौक पर तेज रफ्तार फोर्ड ईको स्पोर्ट कार ने चार साइकिल सवार लोगों को रौंद दिया है, जिससे चार लोगों की मौत हो गई है। वहीं, हादसे में कार सवार तीन लोग घायल भी हो गए हैं। घायलों को रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है।



हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। वीडियो में तेज रफ्तार कार चार साइकिल सवार व एक स्कूटी सवार को रौंद दिया, जिसमें चार की मौत हो गई। वहीं, तीन गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि चारों मृतक वेटर का काम करते थे और नेपाल के रहने वाले थे। मृतक पहचान अमर, दल बहादुर, कमल और अर्जुन के रूप में हुई है।

वहीं, कार चालक ऋ तिक, उसका साथी अरुण और मोहित भी घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही सोनीपत सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में भेजवाया। घायलों को ईलाज के लिए रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है।

# डंपर की टंकर से दो युवकों की मौत



**धौलाना।** धौलाना-गुलावठी मार्ग पर निर्माणधीन फैक्ट्री के सामने ओवरलोड डम्पर ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ऑटो में सवार एक व्यापारी और चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सड़क पर काल बनकर दौड़ रहे डंपरों के खिलाफ ग्रामीणों में गुस्सा है।

जानकारी के अनुसार ग्राम सपनावत के पवन उर्फ पिंटू शादी आदि समारोह के मावा आदि की आपूर्ति का कार्य करते है। वह गांव के ही जितेंद्र उर्फ जीतू के ऑटो में सवार होकर पिलखुवा से सामान ला रहे थे । जैसे ही उनका ऑटो धौलाना गुलावठी मार्ग पर प्रीत फैक्ट्री के सामने पहुंचा तो दूसरी दिशा से आ रहा मिट्टी से लदे डम्पर ने उनके ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी । जिससे मौके पर ही दोनों की दर्दनाक मौत हो गई । इस दौरान डम्पर चालक मौके से डम्पर छोड़ कर फरार हो गया।

घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेते ही पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए डम्पर को अपने कब्जे में ले लिए। घटना के बाद से स्वजन ने आरोप लगाया कि प्रशासन की मिलीभगत से ओवरलोड डम्पर सड़को पर दौड़ रहे है। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह बिष्ट ने बताया कि अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज करते हुए कार्रवाई की जा रही है।

## एनटीपीसी में लाखों की पराली जलकर खाक



**धौलाना।** दादरी तहसील क्षेत्र में स्थित पावर प्लांट एनटीपीसी में कोयला में पराली को मिक्स करके प्लांट में प्रयोग के लिए लाखों रुपए की पराली को एनटीपीसी दादरी ने टाउनशिप स्थित टाटा गेट पर रखा था जिसमें आग लगने से लाखों का नुकसान की बात सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार टाटा गेट के पास में कुछ सर्वेंट क्वार्टर हुए लीवर के लिए कॉलोनी बनाई गई है।

बची हुई जमीन पर एनटीपीसी द्वारा वहां पर परली को इकट्ठा किया गया है, बताते हैं की रात को परली के एक साइड में आग लग गई जो पूरी रात जलती रही और उसे आग की चपेट में लाखों रुपए की पराली जलकर राख हो गई। बताया जाता है कि एनटीपीसी की तरफ से वहां पर रात्रि में कोई देखरेख के लिए इंतजाम नहीं किए गए हैं उसी के चलते यह हादसा हुआ। इस विषय पर जब एनटीपीसी के अधिकारियों से संपर्क किया गया तो किसी ने भी फोन नहीं उठाया। जारचा थाना क्षेत्र के एनटीपीसी चौकी इंचार्ज से बात करने पर उन्होंने बताया कि एनटीपीसी ने हमसे इस विषय पर कोई भी संपर्क नहीं किया है और बिना जानकारी के हम इस विषय पर कुछ कह नहीं सकते।

# सेक्टर-74 में चरमराई बिजली सप्लाई, 25 हजार लोग परेशान

**नोएडा।** सेक्टर-74 स्थित सुपरटेक केपटाउन सोसाइटी में रह रहे करीब 25 हजार लोगों को शुक्रवार के बाद शनिवार को भी बिजली आपूर्ति बाधित रही। शुक्रवार को यहां ओवर करंट को नियंत्रित करने के लिए लगाए गए सर्किट ब्रेकर क्षतिग्रस्त हो गए।

बीच-बीच में जेनरेटर से आपूर्ति दी गई। इसके बाद शनिवार तड़के फिर से सर्किट ब्रेकर ने काम करना बंद कर दिया। जिससे लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई। ऊर्जा निगम के मुताबिक सोसाइटी में आंतरिक तकनीकी समस्या के चलते आपूर्ति बाधित रही। शनिवार सुबह करीब 11 बजे खामियों को दुरुस्त कर बिजली आपूर्ति शुरू कराई गई, लेकिन पूरे दिन बिजली आपूर्ति थोड़ी-थोड़ी देर पर बाधित होती रही।



सोसाइटी के लोग इस मामले में सोसाइटी की फैसिलिटी टीम वाइजी एस्टेट और विद्युत निगम की लापरवाही बताते हुए नाराजगी जता रहे हैं। एओए अध्यक्ष अरूण शर्मा का कहना है कि कड़कड़ाती ठंड में बिजली न मिलने से लोगों के गीजर नहीं चल रहे हैं। सुबह में कोहरा होने के कारण घरों में अंधेरा हो गया, तथा सबसे ज्यादा मुश्किल बुजुर्गों को हुई। हीटर न जलने से ठंड में कई बुजुर्गों की तबीयत बिगड़ गई।

केपटाउन के निवासियों का कहना है कि जून 2023 में बिजली विभाग ने मल्टीप्वाइंट कनेक्शन देने के बाद बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं कर रही है। बार-बार कटौती हो रही है। फिक्स चार्ज के रूप में करीब 20 लाख रुपये लेने के अलावा 30 - 40 लाख रुपये कॉमन एरिया की बिजली बिल बिजली विभाग को कर रहे हैं, फिर भी बिजली के लिए तरसना पड़ रहा है।

ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता शिवम त्रिपाठी ने बताया कि सोसाइटी में आंतरिक ढांचे में दिक्कत के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित रही। विद्युत निगम द्वारा मीटर रूम तक निर्बाध आपूर्ति जारी है।

# उमा पब्लिक स्कूल छात्रों ने गणतंत्र दिवस पेश किए कार्यक्रम

**ग्रेटर नोएडा।** गणतंत्र दिवस पर उमा पब्लिक स्कूलवंदे भारत का आयोजन किया। जिसमें सर्वप्रथम फाउंडर संतरा देवी, चेयरमैन डॉ विपिन भाटी और एम. डी. एडवोकेट सचिन चौधरी ने ध्वजारोहण किया उसके पश्चात विद्यालय की झांकी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। झांकी सूरजपुर पुलिस चौकी से घंटा घर गोलचक्कर से होती हुई विद्यालय पहुंची।

झाकियां भारत के समर्द्ध सांस्कृतिक इतिहास, संस्कृति परंपरा




को प्रदर्शित कर रही थी जैसे ठउउ बटालियन, भारतीय राज्य वेशभूषा, चिकित्सक, सम्मेलन, सैन्य दल, इसरो का चंद्रयान 3, नारी शक्ति फ्रीडम फाइटर एवं अन्य झांकियां देशभक्ति गीत को प्रदर्शित कर छात्र छात्राओं ने मन मोह लिया और झांकी का समापन 1.30 पर हुआ जिसमे विद्यालय टीम और प्रधानाचार्य श्रीमती विनोद चौधरी एवं श्री नरेंद्र सिंह चौहान ने 75वें गणतंत्र दिवस पर समस्त क्षेत्र वासियों को बधाई दी व आभार प्रकट किया।

# भगवान श्रीराम पर आपत्तिजनक टिप्पणी का वीडियो वायरल, आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**मोदीनगर।** भगवान श्री राम के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए रील वायरल करने का मामला सामने आया है। आरोपी पर कार्रवाई की मांग को लेकर हिंदू संगठन के पदाधिकारियों ने निवाड़ी थाने पर हंगामा किया।

पुलिस ने तत्काल केस दर्ज युवक को गिरफ्तार कर लिया है। रील भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। हालांकि, दैनिक जागरण वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। बुधवार को एक वीडियो इंस्टाग्राम व फेसबुक पर वायरल हुआ। जिसमें तीन युवक खड़े हैं। एक युवक रील बना रहा है।

एक युवक उसमें अपशब्द बोल रहा है। पीछे गाना भी चल रहा है। इस बीच युवक भगवान श्रीराम को लेकर आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करता है। इसके बाद रील खत्म हो जाती है। वीडियो जब हिंदू संगठन के पदाधिकारियों तक पहुंचीं तो वे इकट्ठा होकर निवाड़ी थाने पहुंच गये।



वहां उन्होंने निवाड़ी थाना प्रभारी को मामले से अवगत कराया। वीडियो उपलब्ध कराकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने तत्काल आरोपियों को ट्रेस करना शुरू कर दिया। रात में ही आरोपी को दबोच लिया। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सुहाना गांव का शानू हैं। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। मोबाइल भी जब्त कर लिया गया है।

# किसानों ने धरना स्थल पर किया ध्वजारोहण

नोएडा। सेक्टर- 6 नोएडा प्राधिकरण पर संयुक्त रूप से एनटीपीसी और नोएडा के किसानों ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। धरने की अध्यक्षता बाबूराव आर्य हाजीपुर व मंच का संचालन उदल आर्य ने किया।

सर्वसम्मिति से फैसला लिया गया कि 29 जनवरी को सांसद महेश शर्मा का घेराव अपने मुद्दों को लेकर किया जाएगा। धरने में युवा शक्ति दल के अध्यक्ष रवि गौतम ने अपनी टीम के साथ आकर के किसानों की मांगों का समर्थन किया, और कहा कि जब जब भी आप हमें आवाज लगाएंगे हम हमेशा आपके साथ खड़े मिलेंगे। सुंदर भाटी झट्टा ने कहा कि जो सरकार किसानों के काम ना आ सके, ऐसी सरकार का वोट की चोट से इलाज किया जाना चाहिए। धरने में अरुण बीडीसी ,जयवीर प्रधान, प्रेमपाल चौहान ,सुधीर चौहान, शारदा राम कसाना, नेकपाल त्यागी, कंवर पाल प्रधान, मोनू चौहान, डॉक्टर प्रेमपाल चौहान मामूरा, नीरज गुज्जर, जतन यादव , दिनेश यादव, सलेक यादव, नेत्रपाल यादव काफी लोग मौजूद रहे।



**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबंधक/विद्युत/वाराणसी निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं.-1, निविदा सूचना संख्याः** ई-निविदा-एल-28-23-24, **ई-निविदा का नामः** कोचिंग डिपो बनारस और छपरा में 02 टन/शिफ्ट क्षमता की मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री के लिए बुनियादी सुविधाओं की स्थापना के सम्बन्ध में विद्युतीय कार्य, **अनुमानित लागतः** ₹ 51,83,517.47, **अमानत राशिः** ₹ 1,03,700.00, **कार्य समापन का समयः** 120 दिन, **निविदा समापन की तिथि एवं समयः** 19.02.2024, 14.30 बजे, **निविदा खोलने की तिथि एवं समयः**19.02.2024, 14.30 बजे, **क्र.सं.-2, निविदा सूचना संख्याः** ई-निविदा-एल-29-23-24, **ई-निविदा का नामः** वाराणसी डिवीजन की पावर कारों में डीए सेट में स्टार्टिंग बैटरी के लिए मैनुअल आइसोलेटिंग स्विच का प्रतिस्थापन और संशोधन, **अनुमानित लागतः** ₹ 26,73,673.52, **अमानत राशिः** ₹ 53,500.00, **कार्य समापन का समयः** 120 दिन, **निविदा समापन की तिथि एवं समयः** 19.02.2024, 14.30 बजे, **निविदा खोलने की तिथि एवं समयः**19.02.2024, 14.30 बजे, **नोटः•** उपरोक्त ई-निविदा कार्यों के पूर्ण विवरण एवं निविदा में प्रतिभाग करने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जायें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा0
मुजाधि/विद्युत-255 वाराणसी

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com




**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं.: 2024-जनवरी-03 दिनांकः 23.01.24

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली निविदा" ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

**क्र.सं: 1** | **निविदा सं.:** 2024-जनवरी-03-01 | **अनुमानित लागत रु.:** 13518574.60
**कार्य का विवरणः अ.** बिल्लोचपुरा-मथुरा-अलवरः सहा. मंडल इंजीनियर-।।/मथुरा के क्षेत्राधिकार में विभिन्न पुलों, निरीक्षण सोपान, टो वाल्स, तथा बैलास्ट रिटेनर्स आदि की भारी मरम्मत का कार्य। **ब.** व. मंडल इंजीनियर / प्रथम आगरा के क्षेत्राधिकार में बड़े तथा छोटे पुलों के विमीय ऑकड़ों को इकट्ठा करने तथा नक्शा बनाने का कार्य।

**क्र.सं: 2** | **निविदा सं.:** 2024-जनवरी-03-02 | **अनुमानित लागत रु.:** 7998192.18
**कार्य का विवरणः** मथुरा -आगरा, मथुरा - अछनेरा तथा मथुरा - अलवर खंड में रेलवे कॉलोनी तथा अन्य स्थलों पर 'जैसा है जहॉ है' के आधार पर लकड़ी, लौह, इस्पात, ऐस्बेस्टस शीट तथा अन्य उपयोगी सामग्री तथा अनुपयोगी सामग्री के प्रभारी इंजीनियर के निर्देशानुसार निष्पादन सहित पुराने / त्यक्त भवनों की नीलामी / विक्रय का कार्य।

**क्र.सं: 3** | **निविदा सं.:** 2024-जनवरी-03-03 | **अनुमानित लागत रु.:** 41523386.06
**कार्य का विवरणः** ईदगाह-बॉदीकुईः पुल सं. 17, 63, 65, 95 एवं अन्य पुलों का ड्रॉप वॉल / कर्टेन/रिटेनिंग वॉल, पिचिंग, ग्राउटिंग, तथा अन्य विभिन्न कार्य के साथ सुधार कार्य।

**क्र.सं: 4** | **निविदा सं.:** 2024-जनवरी-03-04 | **अनुमानित लागत रु.:** 15437398.44
**कार्य का विवरणः** व.मं. इंजीनियर / द्वितीय आगरा के अधीन ईदगाह - बॉदीकुई खंड में समपार सं 07, 13, 20, 24, 38, 69 तथा 82 पर रबराइज़्ड सतह का प्रावधान।

**क्र.सं: 5** | **निविदा सं.:** 2024-जनवरी-03-05 | **अनुमानित लागत रु.:** 1321898.28
**कार्य का विवरणः** ईदगाह - बॉदीकुई खंड में हेलक, पपरेरा, खेड़ली, मन्डावर, तथा इकरन स्टेशनों पर 1 साल के लिये पेयजल आपूर्ति का कार्य।

**क्र.सं: 6** | **निविदा सं.:** 2024-जनवरी-03-06 | **अनुमानित लागत रु.:** 31124864.31
**कार्य का विवरणः** ईदगाह-बयानाः पुल सं. 03, 74, 95, 121 एवं अन्य पुलों का ड्रॉप वॉल / कर्टेन / रिटेनिंग वॉल, पिचिंग, ग्राउटिंग, तथा अन्य विभिन्न कार्य के साथ सुधार कार्य।

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की बेवसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। निविदायें केवल बेव पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से दिनांक 16.02.24 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 148/24 (P)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR

खास खबर

## लैंड फॉर जॉब मामले में बढ़ीं राबड़ी देवी की मुश्किलें, कोर्ट ने पेशी के लिए भेजा समन



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली की एक अदालत ने नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में शनिवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी बेटी मीसा भारती तथा हेमा यादव सहित अन्य को तलब किया। अदालत ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन से जुड़े धनशोधन मामले में उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के बाद इन्हें तलब किया है। विशेष न्यायाधीश विशाल ने आरोपियों को नौ फरवरी को अदालत में पेश होने का निर्देश देते हुए कहा कि मामले में आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त आधार हैं। अदालत ने व्यवसायी अमित कात्याल के खिलाफ भी पेशी वारंट जारी किया, जो फिलहाल मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। राजद प्रमुख लालू प्रसाद के परिवार के एक कथित ''करीबी सहयोगी कात्याल (49), रेलवे कर्मचारी एवं कथित लाभार्थी हृदयानंद चौधरी, दो फर्म 'ए के इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड और 'ए बी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को उनके साझा निदेशक शारिकुल बारी के माध्यम से भी आरोप पत्र में नामजद किया गया है। इस मामले में कात्याल को पिछले साल नवंबर में ईडी ने गिरफ्तार किया था और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद को एजेंसी ने तलब किया था, लेकिन वह अब तक पेश नहीं हुए हैं। राजद प्रमुख के बेटे एवं बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव एक बार एजेंसी के सामने पेश हो चुके हैं। उन्हें दोबारा इसके सामने पेश होने को कहा गया है। ऐसी संभावना है कि एजेंसी मामले में पूरक आरोपपत्र दाखिल करेगी। यह कथित घोटाला उस समय का है जब लालू संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के पहले कार्यकाल में रेल मंत्री थे। अधिकारियों के मुताबिक, यह मामला लालू के रेल मंत्री(2004-2009) रहने के दौरान रेलवे के पश्चिम जोन में 'ग्रुप-डी के पदों पर नियुक्ति से संबंधित है और आरोप है कि नौकरी के बदले राजद प्रमुख के परिवार के सदस्यों या सहयोगियों के नाम पर जमीन ली गई थी।

# पीएम मोदी के साथ हवामहल के निकट चाय पीना और यूपीआई से पेमेंट एक अविस्मरणीय समय- राष्ट्रपति मैक्रों

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) से प्रभावित हुए, जिसका उपयोग उस चाय के लिए भुगतान करने के लिए किया गया था जिसका आनंद उन्होंने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जयपुर में लिया था। मैक्रों दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर भारत में थे और इस वर्ष के गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि थे। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा उनके लिए आयोजित आधिकारिक भोज में अपने भाषण में मैक्रोन ने चाय के लिए हिंदी शब्द का उपयोग करते हुए कहा कि वह पीएम मोदी के साथ पी गई चाय को नहीं भूलेंगे।





मैक्रों ने कहा कि मैं उस चाय को नहीं भूलूंगा जो हमने महल (हवा महल) के पास एक साथ साझा की थी। यह यूपीआई के साथ भुगतान की गई चाय थी। यह इस बात का एक आदर्श संश्लेषण है कि यह इतना खास क्यों है। यह दोस्ती और इस तरह के उत्सव, परंपरा की गर्मजोशी है। यही वह है जो हम मिलकर करना चाहते हैं। बीजेपी द्वारा ट्वीट किए गए एक वीडियो में, पीएम मोदी और मैक्रॉन को हवा महल के पास एक दुकान के बाहर कुल्हड़ (मिट्टी के कप) में परोसी गई चाय की चुस्की लेते हुए बातचीत करते देखा गया। चाय के बाद पीएम मोदी यूपीआई के जरिए चाय का पेमेंट करते नजर आए। उन्होंने मैक्रॉन को यूपीआई भुगतान करते समय दिखाया और जब दुकानदार को तुरंत भुगतान की पुष्टि मिली, तो फ्रांसीसी राष्ट्रपति सुखद आश्चर्यचकित रह गए। चाय की चुस्की के लिए स्थानीय दुकान पर जाने के दौरान पीएम मोदी ने मैक्रों को यूपीआई प्रणाली के बारे में समझाया। यूपीआई प्रणाली कई बैंक खातों को एक ही मोबाइल एप्लिकेशन में जोड़ती है, जिससे उपयोगकर्ताओं को विभिन्न बैंकिंग सुविधाओं तक पहुंचने, आसान फंड ट्रांसफर करने और व्यापारियों को भुगतान करने की अनुमति मिलती है। पिछले साल जुलाई में अपनी फ्रांस यात्रा के दौरान, पीएम मोदी ने कहा था कि भारतीय यात्री जल्द ही फ्रांस में यूपीआई का उपयोग करके भुगतान कर सकेंगे।

## एसीपी के बेटे की हत्या, आरोपी दोस्तों ने नहर में फेंका शव



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली पुलिस के एक सहायक आयुक्त(एसीपी) के बेटे को उसके दो दोस्तों ने पैसों के विवाद को लेकर हरियाणा में एक नहर में कथित तौर पर धक्का दे दिया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि लक्ष्य चौहान (26) का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान चलाया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों में से एक को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि दूसरे की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया था कि चौहान अपने दो दोस्तों विकास भारद्वाज और अभिषेक के साथ सोमवार को हरियाणा के सोनीपत में एक विवाह समारोह में शामिल होने गया था। उसने बताया कि जब वह अगले दिन घर नहीं लौटा तो उसके पिता एसीपी यशपाल सिंह ने मंगलवार को गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। सिंह बाहरी-उत्तरी दिल्ली के एसीपी (अभियान) के रूप में तैनात हैं। पुलिस ने बताया कि पुलिस को जांच के दौरान कुछ गड़बड़ी का संदेह हुआ जिसके बाद शिकायत को अपहरण की प्राथमिकी में बदल दिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि मामले में शुक्रवार को हत्या की धारा जोड़ी गई और इस सिलसिले में अभिषेक को गिरफ्तार किया गया।

# गणतंत्र दिवस पर शाहजहांपुर जेल में विभिन्न कार्यक्रम किए आयोजित









**शाहजहांपुर।** गणतंत्र दिवस पर शाहजहांपुर जेल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के मुख्यातिथि अपर जिला जज अपर्णा त्रिपाठी, पीयूष तिवारी व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आरती द्विवेदी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रमों की श्रंखला में प्रात: ध्वजारोहण के साथ बंदियों के देश भक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम, रियान पब्लिक स्कूल के छात्रों के नृत्य व गायन के कार्यक्रम तथा भव्य कवि सम्मेलन आयोजित किया गया।बुलन्दशहर से पधारे समाज सेवी राहुल शर्मा व उनकी टीम के द्वारा 250 जैकेट,250 जोड़ी जूते व सभी महिला बंदियों को कार्डिगन भेंट किए गए।उनके द्वारा यह भी घोषणा की गई कि जो बंदी अपनी गरीबी के कारण वकील नहीं कर सकता है, उसके मुकदमा की पैरवी करने के लिए वकील का खर्च वह स्वयं वहन करेंगे। गणतंत्र दिवस पर उनके द्वारा सभी बंदियों हेतु सब्जी के रूप में मटर पनीर की भी व्यवस्था की गई। जिसके लिए उनके द्वारा 50 किलो पनीर व 50 किलो मटर की व्यवस्था की गई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आरती द्विवेदी द्वारा बंदियों को जैकेट, जूते एवं महिला बंदियों को कार्डिगन भेंट किए गए। रियान पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा आधुनिक वाद्य यंत्रों के साथ देश भक्ति गीत गाकर व सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर समां बांधा तथा लखनऊ लखीमपुर खीरी एवं शाहजहांपुर के लाभ प्रतिष्ठित कवि गणों द्वारा अपनी कविताएं सुना कर सभी दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया बंदियों द्वारा भी पिरामिड एवं शिव पार्वती की झांकी प्रस्तुत कर बंदियों का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम के अंत में कारागार पर तैनात अधिकारी और कर्मचारी जिन्होंने वर्ष भर में अच्छा कार्य किया ,उन्हें जेल अधीक्षक मिजाजीलाल के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी बंदियों को मिष्ठान वितरित किया गया।

## 'इंडिया' गठबंधन को एकजुट रखने के लिए हरसंभव करेंगे प्रयास: मल्लिकार्जुन खरगे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में वापस जाने की संभावना के बीच शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी को उम्मीद है कि जो लोग देश के संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करने की इरादा रखते हैं, वे निश्चित रूप से जल्दबाजी में कोई कदम नहीं उठाएंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) को एकजुट रखने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई स्पष्टता नहीं है कि जद (यू) नेतृत्व के मन में क्या है। जद(यू) के 'इंडिया' गठबंधन से बाहर जाने की संभावना पर एक सवाल के जवाब में खरगे ने कहा, ''क्या वे बाहर जा रहे हैं? मुझे अभी तक इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है।

मैंने उनके नेतृत्व को एक पत्र लिखा है और उनसे बात करने की कोशिश की है। मैं



स्पष्ट रूप से नहीं जानता कि उनके मन में क्या है।'' इस बात के पुख्ता संकेत हैं कि जद (यू) प्रमुख और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्य में सत्तारूढ़ 'महागठबंधन' से अलग होने और फिर से भाजपा नीत राजग में शामिल होने की योजना बना रहे हैं।

के सी त्यागी समेत कुछ जद (यू) नेताओं ने दावा किया है कि 'इंडिया' गठबंधन टूटने की कगार पर है। कांग्रेस अध्यक्ष ने संवाददाताओं से कहा, ''मैं कल देहरादून जा रहा हूं और वहां से दिल्ली जाऊंगा। एक बार वहां जाकर मैं इसके बारे में पूरी जानकारी जुटाऊंगा और आपसे बात करूंगा, अन्यथा भ्रम पैदा हो सकता है ..चलिए देखते हैं, क्या होता हैं।''

बिहार में नई सरकार बनाने के लिए जद (यू) के भाजपा के साथ हाथ मिलाने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर खरगे ने कहा, ''हमारे पास इसकी जानकारी नहीं है। क्या वे राज्यपाल के पास गए हैं या जा रहे हैं, उन्होंने हमें नहीं बताया है। यदि 'इंडिया' गठबंधन के पास इस बारे में जानकारी होती, तो मैं प्रामाणिक रूप से कह सकता था, अन्यथा इससे अटकलों को और बल मिलेगा। देखते हैं क्या होता है।''

## 'सरकार गिराने के लिए विधायकों को करोड़ों का ऑफर', केजरीवाल का भाजपा पर आरोप



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बिहार में जारी सियासी घमासान के बीच दिल्ली की आम आदमी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगा दिया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि पिछले दिनों भारतीय जनता पार्टी ने हमारे दिल्ली के 7 विधायकों को संपर्क किया। केजरीवाल ने कहा कि कुछ दिन बाद केजरीवाल को गिरफ़्तार कर लेंगे। उसके बाद विधायकों को तोड़ेंगे। 21 विधायकों से बात हो गयी है। औरों से भी बात कर रहे हैं। उसके बाद दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार गिरा देंगे। आप भी आ जाओ। 25 करोड़ रुपये देंगे और बीजेपी की टिकट से चुनाव लड़वा देंगे।

आम आदमी पार्टी ने कहा है कि भले भाजपा का दावा है कि उन्होंने 21 विधायकों से संपर्क किया लेकिन हमारी जानकारी के मुताबिक़ उन्होंने अभी तक 7 विधायकों को ही संपर्क किया है। केजरीवाल ने कहा है कि हमारे सभी विधायकों ने बीजेपी के ऑफर को ठुकरा दिया है। केजरीवाल ने आरोप लगाते हुए कहा है कि इसका मतलब किसी शराब घोटाले की जाँच के लिए मुझे गिरफ़्तार नहीं किया जा रहा बल्कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार गिराने के लिए षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। केजरीवाल के मुताबिक पिछले नौ सालों में आप की सरकार गिराने के लिए कई षड्यंत्र किए गए लेकिन हमारे सभी रूरू भी मज़बूती से साथ खड़े रहें।

केजरीवाल की सरकार में शिक्षा मंत्री आतिशी ने भी केजरीवाल के आरोपों के साथ सहमति जताई है और कहा है कि ऑपरेशन कमल के तहत आम आदमी पार्टी की सरकार गिराने की कोशिश बीजेपी ने की और आप के सात विधायकों को 25-25 करोड़ का ऑफर दिया गया। आम आदम पार्टी ने कहा है कि भाजपा ने इसी एसओपी से गोवा, अरूणाचल प्रदेश, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में सरकार गिराया। आप ने यहां तक कहा है कि जहाँ इनकी सरकार नहीं बनती है, वहां लगातार यह सरकार गिराने की कोशिश करते हैं।

भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली ईकाई के नेता कपिल मिश्रा ने कहा है कि अरविंद केजरीवल झूठ बोल रहे हैं और उनका इस मामले में ट्रैक रिकॉर्ड पहले भी ऐसा ही रहा है। कपिल मिश्रा ने कहा है कि पहले भी सात बार इस तरह के आरोप लगाए जा चुके हैं पर एक दफा भी वह नंबर नहीं दिया गया जिसके जरिये उनके विधायकों से संपर्क साधा गया। कपिल मिश्रा ने कहा है कि केजरीवाल सरकार ये कभी नहीं बताती कि उनसे किसने संपर्क किया, कहां ये संपर्क हुआ। केजरीवाल के बार-बार ईडी के समन पर हाजिर न होने पर भी कपिल मिश्रा ने निशाना साधा है।

## कोहरे की वजह से शनिवार की सुबह में विजिबिलिटी 10 मीटर से भी कम रही

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** घने कोहरे की स्थिति बनी रहने की उम्मीद है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने विभिन्न राज्यों में घने कोहरे और कोल्ड डे की स्थिति के लिए अलर्ट जारी किया है। इस बीच न्यूनतम तापमान कम रहने का अनुमान है, जिससे दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कई जिलों में कोल्ड डे से गंभीर कोल्ड डे की स्थिति बन सकती है। शनिवार को दिल्ली का औसत न्यूनतम तापमान 5 डिग्री दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 20 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में अभी बारिश होने की कोई उम्मीद नहीं है।

मौसम विभाग ने 30 जनवरी तक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में रात और सुबह के दौरान घना कोहरा रहने की संभावना जताई है। इसके बाद कड़ाके की ठंड और कोहरे से थोड़ी राहत मिल सकती है।

26 जनवरी की सुबह दिल्ली में घना कोहरा छाया रहा। दिल्ली में घने कोहरे की वजह से शनिवार की सुबह में विजिबिलिटी 10 मीटर से भी कम रही।

## महिला ने पंखे से फांसी का फंदा लगा की आत्महत्या

**नोएडा।**
नोएडा के बिशनपुरा गांव में रहने वाली एक महिला ने घर में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार सुबह सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली सेक्टर-58 पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

मूल रूप से मिर्जापुर के रहने वाले बृजेश शर्मा अपनी



पत्नी सुधा शर्मा के साथ बिशनपुरा गांव में रह रहे थे। बृजेश नोएडा की एक कंपनी में जॉब करते हैं।

शनिवार सुबह बृजेश अपने काम पर चले गए। इसके बाद उनकी पत्नी ने घर में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पड़ोसियों की सूचना के बाद मौके पर पुलिस व बृजेश घर पहुंचे। इसके बाद कोतवाली सेक्टर-58 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस पूछताछ में बृजेश ने बताया कि उनकी पत्नी काफी समय से कहीं बाहर घूमने जाने के लिए कह रही थी। प्राथमिक जांच में घरले विवाद की बात सामने आ रही है। हालांकि अभी तक मृतका के परिजनों की तरफ से पुलिस से कोई लिखित शिकायत नहीं की गई है।

## गोवा कहकर हनीमून के लिए अयोध्या ले आया पति, भड़की पत्नी ने कोर्ट में दी तलाक की अर्जी

**भोपाल ( एजेंसी )।** अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद पूरा देश रामभक्ति के रंग में डूबा हुआ है। जहां हर दिन लाखों की भीड़ में भक्त रामलला के दर्शन कर रहे हैं। हालांकि सभी इस बात की योजना बना रहे हैं कि कब और कैसे अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन किए जाएं। इसी बीच मध्य प्रदेश के भोपाल से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां एक महिला अपने पति को इसलिए तलाक देना चाहती है क्योंकि उसका पति गोवा कहकर हनीमून के लिए उसे अयोध्या और वाराणसी घुमाने लेकर गया था। जानकारी के अनुसार महिला का आरोप है कि वो अपने पति से तलाक चाहती है। उसका दावा है कि पति ने उसे हनीमून पर गोवा ले जाने का वादा किया था लेकिन जब वक्त आया तब वो अयोध्या-वाराणसी घुमाने ले गया। ये मामला इस वक्त सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा है। बताया जा रहा है कि भोपाल के रहने वाले एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की शादी छह महीने पहले ही हुई है। शादी के बाद पति-पत्नी विदेश हनीमून मनाने जाने की बात कर रहे थे, लेकिन पति की आपत्ति के बाद गोवा जाने को लेकर सहमति बनी। जब हनीमून पर पहुंचे तो पति गोवा की बजाए अयोध्या और वाराणसी ले गया। इस बात से पत्नी भड़क गई और झगड़ा इतना बढ़ा कि मामला कुटुंब न्यायालय (फैमिली कोर्ट) में पहुंच गया। महिला ने कोर्ट में बताया कि पति ने उससे कहा कि उसकी मम्मी राम मंदिर सेरेमनी से पहले अयोध्या जाना चाहती हैं, इसलिए वे अयोध्या जा रहे हैं। महिला 10 दिन तक तो कुछ नहीं बोली लेकिन लौटते ही उसने फैमिली कोर्ट में तलाक की अर्ज़ी लगा दी। पत्नी का कहना है कि पति ने उसका भरोसा तोड़ा है। पति, पत्नी से ज्यादा परिवार का ख्याल रखता है और पत्नी को नजर अंदाज करता है। ऐसे में उसे इस रिश्ते से छुटकारा चाहिए।

## दिल्ली में सरेबाजार युवक को दौड़ाकर मारी गोली, फिर चाकू से रेता गला, घटना सीसीटीवी में हुई कैद

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** एक तरफ 26 जनवरी को पूरा देश गणतंत्र दिवस मना रहा था। राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर भारत की शक्ति का प्रदर्शन किया जा रहा था। राजधानी दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम थे। लेकिन इस बीच नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके के बीच बाजार में हुए क सनसनीखेज वारदात ने सनसनी फैला दी। इस घटना को जिसने भी देखा उसकी रूह कांप गई। इस वारदात का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसके देखकर साफ जाहिर होता है कि अपराधियों के मन में न तो कानून का डर है, न ही पुलिस का खौफ। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि बाजार लगा हुआ है। दुकानों पर लोग खड़े हैं। हर



तरफ भीड़ है। अचानक अफरा-तफरी मच जाती है। लोग इधर-उधर भागने लगते हैं। एक लड़का चिल्लाते हुए भाग रहा होता है। उसके पीछे तीन-चार लोग दौड़ रहे हैं। किसी के हाथ में चाकू है, तो किसी के हाथ में पिस्तौल है। एक आदमी स्कूटी से भी उस लड़के का पीछा कर रहा है। वो लोग हवाई फायरिंग करते हुए भी नजर आ रहे हैं। कुछ दूर आगे चलकर लड़के को पकड़ लेते हैं। उसे बुरी तरफ मारते-पीटते हैं। उस पर गोली चलाते हैं।

इतनी हैवानियत के बाद भी मन नहीं भरता है तो चाकूओं से उसका पूरा शरीर गोद देते हैं। स्कूटी वाला शख्स चाकू से उसका गला रेतने की कोशिश करता है। बुरी तरह से घायल करने के बाद सभी आरोपी लड़के को अचेत अवस्था में छोड़कर भाग जाते हैं। ये पूरी वारदात एक दुकान के सामने हो रही होती है। हैरानी की बात ये है कि वो दुकानदार उस लड़के को बचाने की बजाए अपने दुकान का सामान समेटने लगता है। आरोपियों के जाने के बाद भी वो न तो लड़के को उठाने की कोशिश करता है, न ही पुलिस को कॉल करता है। काफी समय बाद लोग वहां पहुंचते हैं। इसके बाद पुलिस को सूचित किया जाता है। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल शख्स को अस्पताल में भर्ती करा दिया है। वहां वो जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है। पुलिस ने घायल के परिजनों की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के जरिए उनकी पहचान की जा रही है। बताया जा रहा है कि शराब पीने के दौरान उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है।

## घर में लगी भीषण आग, 4 लोगों की झुलसकर मौत, 2 गंभीर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** शाहदरा में एक बड़ी दुर्घटना हुई है जहां एक मकान में भीषण आग गई. आग गली नंबर 26 के एक मकान के ग्राउंड फ्लोर पर लगी. दमकल विभाग के मुताबिक 6.55 पर आग पर काबू पाया जा चुका है. वहीं, घर के अंदर फंसे कुछ लोगों को बाहर भी निकाल लिया गया. जानकारी के अनुसार ग्राउंड फ्लोर पर वाइपर के रबड़ कटिंग की फैक्ट्री चलती है और ऊपर के फ्लोर पर लोग रहते हैं. पहले ग्राउंड फ्लोर पर आग लगी जो देखते ही देखते पहले फ्लोर तक पहुंच गई. इस हादसे में 6 लोगों में से 4 लोगों की मौत हो चुकी है जिसमें दो महिलाएं, एक 17 साल का लड़का और 1 साल का छोटा बच्चा शामिल है. वहीं, दो लोगों गंभीर रूप से झुलस गए हैं जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है. मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पा लिया है. हालांकि, आग कैसे लगी इसका स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आ पाया है. डीसीपी शाहदरा जिला के मुताबिक पुलिस और दमकल विभाग ने घर से कुछ लोगों को बेहोशी की हालत में हॉस्पिटल भेजा।

# ओली पोप के नाबाद शतक से इंग्लैंड ने की वापसी, 126 रनों की ली बढ़त

हैदराबाद, । ओली पोप के शानदार नाबाद शतकीय पारी की बदौलत इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ यहां जारी पहले टेस्ट मैच की तीसरे दिन शानदार वापसी की। तीसरे दिन का खेल खत्म होने पर इंग्लैंड ने 6 विकेट पर 316 रन बना लिये हैं। ओली पोप 148 रनों की शानदार शतकीय पारी खेल अभी भी क्रीज पर डटे हुए हैं, उनके साथ रेहान अहमद 16 रन बनाकर नाबाद हैं। इंग्लैंड की कुल बढ़त 126 रनों की हो चुकी है।



इंग्लैंड ने पहली पारी में 246 रन बनाए थे, जिसके जवाब में भारत ने अपनी पहली पारी में 436 रन बनाए और पहली पारी के आधार पर 190 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही और 45 के कुल स्कोर पर जैक क्राउली को अश्विन ने रोहित के हाथों कैच कराकर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बेन डकेट और ओली पोप ने दूसरे विकेट के लिए 68 रनों की साझेदारी की। इस साझेदारी को बुमराह ने बेन डकेट को बोल्ड कर तोड़ा। डकेट ने 47 रन बनाए।

बुमराह ने 117 के कुल स्कोर पर जो रूट (02) को एलबीडब्ल्यू कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। जडेजा ने जल्द ही जॉनी बेयरस्टो को बोल्ड कर भारत इंग्लैंड को चौथा झटका दिया। बेयरस्टो ने 10 रन बनाए। पहली पारी में अर्धशतकीय पारी खेलने वाले कप्तान बेन स्टोक्स भी कुछ खास नहीं कर सके और केवल 6 रन बनाकर अश्विन की गेंद पर बोल्ड हो गए। इंग्लैंड का यह विकेट 163 रनों पर गिरा।

यहां से ओली पोप और बेन फोक्स ने छठे विकेट के लिए 112 रन की साझेदारी कर इंग्लैंड को मैच में वापसी दिला दी। इस साझेदारी को अक्षर पटेल ने फोक्स को बोल्ड कर तोड़ा। फोक्स ने 34 रन बनाए।

पोप ने यहां से एक बार फिर रेहान अहमद के साथ मिलकर 42 रनों नाबाद साझेदारी की और इंग्लिश टीम का स्कोर 316 रनों तक पहुंचाया। दिन के खेल की समाप्ति पर पोप 148 और रेहान अहमद 16 रन बनाकर नाबाद हैं।

भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन ने 2-2 व अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा ने 1-1 विकेट लिया।

इससे पहले यशस्वी जयसवाल (80), केएल राहुल (86) और रवींद्र जडेजा (87) की शानदार अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत ने यहां राजीव गांधी स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपनी पहली पारी में 436 रन बनाए और पहली पारी के आधार पर 190 रन की बढ़त हासिल की। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 246 रन बनाए थे।

इन तीनों के अलावा श्रेयस अय्यर (35), श्रीकर भरत (41) और अक्षर पटेल (44) ने भी महत्वपूर्ण पारियां खेलीं।

# खेल जगत

## वॉर्सेस्टरशायर ने 2024 के लिए जोश कॉब और यदविंदर सिंह के साथ किया करार

लंदन । वॉर्सेस्टरशायर ने 2024 के लिए अपनी सफेद गेंद वाली टीमों को मजबूत करने के लिए शुक्रवार को जोश कॉब के साथ अनुबंध किया है और 28 वर्षीय तेज गेंदबाज यदविंदर सिंह को पहला पेशेवर अनुबंध सौंपा है, जो शुरुआत में एक विदेशी खिलाड़ी के रूप में उनके लिए खेलेंगे। 33 वर्षीय कॉब को अल्प सूचना पर टी20 कप्तानी गंवाने और पिछले सीज़न के दूसरे भाग में उनकी पहली टीम से बाहर होने के बाद नॉर्थम्पटनशायर के साथ उनके अनुबंध से जल्दी मुक्त कर दिया गया था। उन्होंने शुरुआती एक साल के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें विटैलिटी ब्लास्ट और मेट्रो बैंक कप शामिल हैं। वॉर्सेस्टरशायर द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कॉब ने कहा, मैं 2024 के लिए वॉर्सेस्टरशायर में शामिल होने को लेकर रोमांचित हूं। क्लब हमेशा एक अच्छी तरह से प्रशिक्षित सफेद गेंद इकाई रहा है, और मुझे उम्मीद है कि मैं अपने ए-गेम को नई राह पर लाऊंगा और ट्रॉफी के लिए चुनौती देने में सहायता करूंगा। मैं एक बार फिर से मुझे यह नया मौका देने के लिए एशले जाइल्स को धन्यवाद देना चाहता हूं। क्लब के मुख्य कार्यकारी जाइल्स ने कहा, जोश का अनुभव और कौशल आगामी सीज़न के लिए हमारी योजनाओं के साथ पूरी तरह से मेल खाते हैं। वह एक बेहद अनुभवी सफेद गेंद वाले क्रिकेटर हैं, जिन्होंने नियमित सफलता का स्वाद चखा है। वह ड्रेसिंग रूम में अच्छी तरह से फिट होंगे।

## विंस मैकमोहन ने डब्ल्यूडब्ल्यूई के अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

स्टैमफोर्ड, । रेसलिंग आइकन विंस मैकमोहन ने एक पूर्व कर्मचारी द्वारा गंभीर यौन दुराचार का आरोप लगाने के बाद शुक्रवार को डब्ल्यूडब्ल्यूई की मूल कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। शुक्रवार देर रात जारी एक बयान के अनुसार, मैकमोहन ने डब्ल्यूडब्ल्यूई की मूल कंपनी, टीकेओ ग्रुप होल्डिंग्स में निदेशक मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया है। एसोसिएटेड प्रेस के अनुसार कंपनी के कानूनी और प्रतिभा विभागों में काम करने वाली एक पूर्व कर्मचारी ने मैकमोहन पर मुकदमा दायर किया है। कर्मचारी ने आरोप लगाया है कि मैकमोहन, जो अब 78 वर्ष के हैं, ने उसे नौकरी पाने और बनाए रखने के लिए यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर किया और उसकी अश्लील तस्वीरें और वीडियो डब्ल्यूडब्ल्यूई के अन्य कर्मचारियों सहित अन्य पुरुषों को भेजीं। मैकमोहन के बयान में कहा गया कि वह डब्ल्यूडब्ल्यूई और टीकेओ ग्रुप के सम्मान के कारण बोर्ड छोड़ रहे हैं। उन्होंने बयान में कहा, मैं अपने पूर्व बयान पर कायम हूं कि मेरी पूर्व सहयोगी का मुकदमा झूठ, अश्लील मनगढ़ंत घटनाओं से भरा हुआ है जो कभी घटित नहीं हुआ और यह सच्चाई का प्रतिशोधात्मक विरूपण है। मैं इन निराधार आरोपों के खिलाफ सख्ती से अपना बचाव करने का इरादा रखता हूं, और अपना नाम साफ करने के लिए उत्सुक हूं। बता दें कि मैकमोहन दशकों तक डब्ल्यूडब्ल्यूई में लीडर और सबसे ज्यादा पहचाना जाने वाला चेहरा थे। जब उन्होंने 1982 में अपने पिता से तत्कालीन वर्ल्ड रेसलिंगमहासंघ खरीदा, तो कुश्ती मैच छोटे स्थानों पर होते थे और स्थानीय केबल चैनलों पर दिखाई देते थे। डब्ल्यूडब्ल्यूई मैच अब पेशेवर खेल स्टेडियमों में आयोजित किए जाते हैं, और संगठन के विदेशों में बड़ी संख्या में प्रशसंक हैं।

## हॉकी इंडिया ने एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला टीम घोषित की

नई दिल्ली । हॉकी इंडिया ने शनिवार को एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के भुवनेश्वर और राउरकेला चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की। भुवनेश्वर चरण 3 फरवरी को शुरू होगा और 9 फरवरी को समाप्त होगा जबकि राउरकेला चरण 12 फरवरी को शुरू होगा और 18 फरवरी तक चलेगा। भारत 3 फरवरी को मौजूदा एशियाई खेलों के चैंपियन चीन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करते हुए, दोनों चरणों में मेहमान टीमों, संयुक्त राज्य अमेरिका, नीदरलैंड, चीन और ऑस्ट्रेलिया से दो-दो बार भिड़ेगा। अनुभवी गोलकीपर सविता को कप्तान के रूप में भारतीय महिला हॉकी टीम का नेतृत्व करने के लिए चुना गया है, जबकि अनुभवी फारवर्ड वंदना कटारिया एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के लिए उप कप्तान के रूप में काम करेंगी। भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने टीम चयन पर कहा, हमारे पास एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के लिए कुछ युवा खिलाड़ी आ रहे हैं। लीग हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि चैंपियन एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 में अपना स्थान सुरक्षित करेंगे। हम टीम के बीच तालमेल बिठाने की कोशिश करेंगे और टीम दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों का सामना करने के लिए उत्सुक हैं। हमारा लक्ष्य अपने अभियान को मजबूत तरीके से शुरू करना और लीग के दौरान सुधार जारी रखना होगा।

# टीम इंडिया ने अंग्रेजों के खिलाफ 436 बनाकर रचा नायाब इतिहास, टूट गया 45 साल पुराना रिकॉर्ड

नई दिल्ली,। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच हैदराबाद के स्टेडियम में खेला जा रहा है। शनिवार को मुकाबले का तीसरा दिन था। इंग्लैंड के 246 रन के जवाब में आज भारत की पहली पारी 436 रन पर सिमटी। भारत ने पहली पारी के आधार पर 190 रन की बढ़त हासिल की। भारत के लिए किसी प्लेयर ने सेंचुरी नहीं बनाई और ना ही मेजबान टीम की ओर से कोई शतकीय साझेदारी हुई। ऐसे में टीम इंडिया ने एक नायाब इतिहास रचते हुए अपना 45 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है।



दरअसल, भारत ने बगैर किसी शतक और शतकीय साझेदारी के अपना सर्वोच्च टेस्ट स्कोर खड़ा किया है। इससे पहले, भारतीय टीम का बिना सेंचुरी और शतकीय पार्टनरशिप के सबसे बड़ा स्कोर 425 रन था, जो उसने 1979 में चेन्नई के मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध बनाया था। बता दें कि भारत ने दूसरी बार इंग्लैंड के सामने इस तरह 400 का आंकड़ा पार किया है। भारत ने 2016 में मोहाली टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ 417 रन बनाए थे।

हैदराबाद टेस्ट की पहली पारी में भारत की तरफ से सर्वाधिक रन रविंद्र जडेजा ने जुटाए। उन्होंने 180 गेंदों में 7 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 87 रन की पारी खेली। यशस्वी जायसवाल ने 80 और केएल राहुल ने 86 रन जोड़े। श्रेयस अय्यर ने 35 और कप्तान रोहित शर्मा ने 24 रन का योगदान दिया। यशस्वी और रोहित ने पहले विकेट के लिए 80 जबकि जडेजा और अक्षर पटेल (44) ने आठवें विकेट के लिए 78 रन की पार्टनरशिप की।

वहीं, इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में लड़खड़ाने के बाद संभल गई। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर इंग्लैंड का स्कोर 77 ओवर में 316/6 था। ओली पोप 208 गेंदों में 148 रन बनाकर नाबाद हैं। रेहान अहमद (31 गेंदों में नाबाद 16) भी टिके हुए हैं। इंग्लैंड ने 163 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे। हालांकि, पोप एक छोर पर डटे रहे। उन्होंने विकेटकीपर बेन फॉक्स (34) के संग छठे विकेट के लिए 112 रन की अहम साझेदारी की।

# सरफराज की पारी इंग्लैंड के लायंस पर पड़ी भारी, इंडिया ए ने जीता मैच



अहमदाबाद, । भारत ए ने बेहतरीन हरफनमौला खेल के दम पर शनिवार को अहमदाबाद में दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में इंग्लैंड लायंस (ए टीम) पर पारी और 16 रन से जीत दर्ज कर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की अजेय बढ़त बना ली। भारतीय टीम ने दूसरी पारी में इंग्लैंड लायंस को 321 रन पर आउट कर दिया। इंग्लैंड लायंस की टीम ने दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 304 रन से आगे से की लेकिन महज 5.2 ओवर के अंदर अर्शदीप सिंह (2/62) और यश दयाल (1/37) ने क्रमश: ओली रॉबिन्सन (85) और टॉम लॉज (32) के विकेट झटक कर भारत ए को जीत दिला दी।

अर्शदीप ने इंग्लैंड की पारी के 88वें ओवर में रॉबिन्सन को विकेटकीपर उपेंद्र यादव के हाथों कैच करा दिया जबकि लॉज बीते दिन के अपने 18 रन के स्कोर में और 14 रन जोड़े। दयाल की गेंद पर आकाशदीप ने उनका कैच पकड़ा। सरफराज खान को उनकी 161 रन की पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। सरफराज और देवदत्त पडिक्कल (105) की शतकों की मदद से भारत ए ने पहली पारी में 489 रन बनाए थे। बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार ने 22वीं बार पारी में पांच विकेट लेकर भारत ए को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। आकाशदीप ने कुल छह विकेट लेकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। सीरीज का पहला अनाधिकारिक टेस्ट ड्रॉ पर खत्म हुआ था। इस मैच में भारतीय टीम के सामने 490 रन का मुश्किल लक्ष्य था लेकिन विकेटकीपर बल्लेबाज कोना भरत के शतक के दम पर ड्रॉ कराने में सफलता मिली। भरत ने 165 गेंदों पर 15 चौकों की मदद से नाबाद 116 रन बनाए थे। वह फिलहाल इंग्लैंड के खिलाफ पहला टेस्ट में भारतीय प्लेइंग इलेवन का हिस्सा हैं। वहीं, अनौपचारिक टेस्ट का आखिरी मुकाबला एक फरवरी से खेला जाएगा।

# मिचेल स्टार्क की यॉर्कर से वेस्टइंडीज के शमर के अंगूठे का हुआ बुरा हाल, दर्द से निकले आंस

नई दिल्ली,। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेक स्टार्क की एक यॉर्कर गेंद पर वेस्टइंडीज के शमर जोसेफ चोटिल हो गए। ब्रिसबेन में खेले जा रहे मैच में गेंद उनके पैर में लगी, जिसके कारण वह काफी दर्द में दिखे। जोसेफ वही गेंदबाज है, जिनकी एक बाउंसर ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को लगी थी और उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ा था। हालांकि इस मैच में वह खुद चोट के कारण रिटायर हर्ट हो गए। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट मैच में मजबूत पकड़ बना ली है और उसे मैच जीतने के लिए सिर्फ 186 रन की दरकरार है।



ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की यॉर्कर गेंद वेस्टइंडीज के बल्लेबाज जोसेफ के दाहिने पैर के अंगूठे के ठीक ऊपर लगी। पैर के अंगूठे पर चोट लगते ही जोसेफ दर्द से कराह उठा और उसके बाद वह बिना सहारे के खड़े नहीं हो पा रहे थे। जोसेफ चोट लगने के कारण इतना ज्यादा दर्द में थे कि पवेलियन लौटते समय उनकी आंखों में आंसू थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने घटना का वीडियो पोस्ट किया जिसमें वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज दर्द में दिख रहे थे।

इससे पहले जोसेफ के बाउंसर से उस्मान ख्वाजा के जबड़े में चोट लगी थी। उनके मुंह से खून भी निकला था। ख्वाजा को मैदान से बाहर जाना पड़ा था। उनके दूसरे टेस्ट मैच में खेलने पर भी संशय था लेकिन ख्वाजा मैच से पहले फिट पाए गए और उन्हें दूसरे टेस्ट मैच में खेलने की अनुमति मिली। वेस्टइंडीज ने दूसरे टेस्ट मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 311 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 9 विकेट पर 289 के स्कोर पर पारी घोषित की। दूसरी पारी में वेस्टइंडीज ने 193 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 216 रन मिले। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया ने उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन का विकेट खोकर 19 ओवर में 60 रन बना लिए हैं। टीम को जीत के लिए 156 रन चाहिए।

# 2027-28 तक भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी : सीतारमण

नई दिल्ली । वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि वित्त वर्ष 2027-28 तक भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रत्येक भागीदार के सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसके लिए भारत की जीडीपी को 5,000 अरब डॉलर के आंकड़े को पार करना होगा। वित्त मंत्री ने साथ ही जोड़ा कि सीमा शुल्क विभाग की 'फेसलेस मूल्यांकन' और 'एकल खिड़की निपटान' जैसी पहलों को विकसित करने की जरूरत है।

सीतारमण ने 'अंतरराष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस 2024' के अवसर पर एक लिखित संदेश में कहा कि भारत के 'अमृत काल' के दौरान सभी हितधारकों को एक साथ आने और नागरिकों को लाभ पहुंचाने के लिए योगदान करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस साल अंतरराष्ट्रीय सीमा शुल्क दिवस का ध्येय वाक्य 'परंपरागत और नए साझेदारों को उद्देश्य से जोड़ने वाला सीमा शुल्क' है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारे 'सबका साथ - सबका विकास' की गूंज सुनाई देती है। सीतारमण ने कहा कि भारत को 2027-28 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए हर साझेदार को सहयोग करने की जरूरत है।

# डिस्ट्रिक्ट एक्सपोर्ट हब के लिए 5000 करोड़ के वित्तीय आवंटन की मांग, वैश्विक शिपिंग लाइन स्थापित करना भी जरूरी

नई दिल्ली । फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशंस (फियो) ने कहा है कि वस्तु निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए सभी राज्य व जिलों की भागीदारी को बढ़ाना होगा। इस काम के लिए सरकार को 50 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर डिस्ट्रिक्ट एक्सपोर्ट हब विकसित करने के लिए बजट में 5000 करोड़ का आवंटन करना चाहिए।



वस्तु निर्यात में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी देश के सिर्फ पांच राज्यों की है। गुजरात अकेले वस्तु निर्यात में 30 प्रतिशत का योगदान देता है। 15 राज्य व केंद्रशासित प्रदेश ऐसे हैं जिनका वस्तु निर्यात में एक प्रतिशत से भी कम का योगदान है। इनकी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए जिला स्तर पर डिस्ट्रिक्ट एक्सपोर्ट हब विकसित करना जरूरी है।

देश के 500 जिलों में निर्यात प्रोत्साहन रणनीति तैयार कर ली गई है, लेकिन इंफ्रास्ट्रक्चर व निर्यात संबंधित अन्य सुविधाओं की कमी से रणनीति पर अमल नहीं हो पा रहा है। इसलिए सरकार की तरफ से एक जिला के लिए 100 करोड़ के फंड की घोषणा होनी चाहिए।

आगामी एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आगामी वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट की घोषणा करेंगी। फियो के कार्यवाहक अध्यक्ष इसरार अहमद ने बताया कि उन्होंने वित्त मंत्री से बजट में वैश्विक शिपिंग लाइन भी विकसित करने की घोषणा की मांग की है। ताकि शिपिंग के मद में भारतीय निर्यातकों के खर्च में कमी आए और देश का पैसा देश में ही रहे।

उन्होंने बताया कि वस्तु निर्यात के लिए शिपिंग के मद में वर्ष 2021 में भारतीय निर्यातकों ने 80 अरब डालर खर्च किए। वर्ष 2030 तक यह लागत सालाना 200 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगी। अगर भारत की अपनी शिपिंग लाइन विकसित होती है तो हर साल कम से कम इस लागत की 25 प्रतिशत राशि बचाई जा सकती है। दूसरी तरफ अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (एईपीसी) ने सरकार से बजट में मैनमेड फैबरिक की वैल्यू चेन के लिए एक समान जीएसटी करने और ट्रिमिंग में इस्तेमाल होने वाले आइटम के आयात को शुल्क मुक्त करने की मांग की है। एईपीसी के महासचिव मिथिलेश्वर ठाकुर ने बताया कि मैनमेड फैबरिक की वैल्यूचेन में फाइबर, यार्न व फैबरिक शामिल है।

इनमें फाइबर पर 18 प्रतिशत, यार्न पर 12 प्रतिशत तो फैबरिक पर पांच प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता है। इससे उद्यमी अपना इनपुट क्रेडिट का इस्तेमाल नहीं कर पाते हैं जिससे मुख्य रूप से एमएसएमई यूनिट प्रभावित होती है।

# देश के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.8 अरब डॉलर की कमी आई, आरबीआई ने जारी किए आंकड़े

नई दिल्ली । भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से जारी नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि 19 जनवरी, 2023 को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2.795 बिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 616.143 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक के साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान विदेशी पूंजी भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा भंडार 2.653 अरब डॉलर घटकर 545.855 अरब डॉलर रह गया।

सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार 3.4 करोड़ डॉलर घटकर 47.212 अरब डॉलर रह गया। कैलेंडर वर्ष 2023 में, आरबीआई ने अपने विदेशी मुद्रा भंडार में लगभग 58 अरब अमरीकी डॉलर जोड़े।

2022 में, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में संचयी रूप से 71 बिलियन अमरीकी डॉलर की कमी आई थी। विदेशी मुद्रा भंडार या फॉरेक्स रिजर्व ऐसी संपत्तियां हैं जो किसी देश के केंद्रीय बैंक या मौद्रिक प्राधिकरण के अधिपत्य में होता है। यह आम तौर पर आरक्षित मुद्राओं खासकर अमेरिकी डॉलर और, कुछ हद तक, यूरो, जापानी येन और पाउंड स्टर्लिंग के रूप में होता है। अक्टूबर 2021 में, देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 645 बिलियन अमरीकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया था।

बालाजी कन्सट्रक्शन कम्पनी



शॉप नं0 14, ओम कॉम्प्लेक्स, नया बॉस, सेक्टर–15, नोएडा (गौतमबुद्धनगर)
फोन– 0120– 2321857
मो0– 9811082962

# राम गए वन को सीता और लक्ष्मण भी थे साथ, किसे मिला सबसे ज्यादा कष्ट

**भगवान राम के चौदह वर्ष के वनवास के दौरान उनके साथ माता सीता और छोटे भाई लक्ष्मण भी थे. एक तरफ लक्ष्मण अपने भाई राम की सेवा का सुख भोग रहे थे और माता सीता अपना पतिव्रता को धर्म निभा रही थीं, लेकिन क्या आपको पता है इस दौरान सबसे अधिक कष्ट किसे भोगना पड़ा था?**



रामायण प्रभु श्रीराम की मर्यादा और पराक्रम की गाथा है। रामायण में अधिकांश स्थानों पर रामजी, माता सीता, और लक्ष्मण क्रियाओं का उल्लेख है। इस विषय को लेकर हिंदी साहित्य में महावीर प्रसाद द्विवेदी का एक निबंध है जिसमें यह रामायण के एक ऐसे पात्र की विशेषता बताई है जिसपर कभी किसी का ध्यान ही नहीं गया। 'महावीर प्रसाद द्विवेदी' के निबंध 'कवियों की उर्मिला विषयक उदासीनता' में उन्होंने सभी कवियों का रामायण के उस पात्र की ओर ध्यान आकर्षित करने को कहा। लेखक ने कवियों को यह बताया कि उर्मिला का त्याग और प्रेम सर्वोपरि है, उसे महत्व न देना उस पात्र के साथ अन्याय होगा।

### कवियों की उर्मिला विषयक उदासीनता

आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के निबंध 'कवियों की उर्मिला विषयक उदासीनता' मे यह कहा गया है कि कवियों ने देवी उर्मिला की उपेक्षा तो नही की लेकिन राम जी और सीता माता के चरित्र का वर्णन करते हुए वह माता सीता की बहन उर्मिला और श्रुति कृति दोनों के बारे में वाल्मीकि के नाम मात्र परिचय को लेकर सवाल उठाए हैं। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी कहते है कि आपने अपनी रचना में देवी उर्मिला को सिर्फ एक बार नवविवाहित वधू के रूप में दिखाया। उसके बाद पूरी रामयाण में उर्मिला का जिक्र नहीं मिलता है।

द्विवेदी जी कहते है कि उर्मिला तो लक्ष्मण की पत्नी होने साथ माता सीता की बहन भी थी। आप उसके दुखों की किस प्रकार उपेक्षा कर सकते है। उर्मिला की अभी लक्ष्मण के साथ शादी हुई थी, शादी के कुछ समय के बाद ही लक्ष्मण को रामजी और माता सीता के साथ चौदह वर्ष के लिए वनवास के लिए जाना पड़ा था। माता सीता तो अपने पति के साथ ही वन चली गई लेकिन देवी उर्मिला को अपने पति और बहन से चौदह वर्ष तक दूर रहना पड़ा था। वह दुख में किस प्रकार एक कोठरी में अकेली पड़ी थी तब आपको उनकी स्थिति पर दया क्यों नहीं आई।

### उर्मिला का प्रेम और त्याग

लक्ष्मण ने तो अपने भाई होने का कर्तव्य निभाने के कारण अपने भाई का साथ दिया लेकिन उर्मिला ने तो अपनी आत्मा से भी प्यारे पति को राम को सौंप दिया था। देवी उर्मिला और लक्ष्मण जी की तो शादी को अभी कुछ ही समय हुआ था, शादी के बाद जो सुख एक शादीशुदा जोड़े को मिलाता है, चौदह वर्ष वह नहीं मिल सकता था इसके बावजूद उन्होंने एक बार भी अपने पति को रोकने की कोशिश नहीं की थी। पति प्रेम और आदर की शिक्षा जैसे माता सीता को मिली थी उसी तरह देवी उर्मिला को भी दी गई थी, उर्मिला ने अपने पति के साथ वन जाने का हठ इसलिए नहीं किया क्योंकि वह जानती थी कि यदि वह अपने पति के साथ वन जाएंगी तो लक्ष्मण अपने भाई की सेवा नहीं कर पाते, यह उर्मिला की महानता को दर्शाती है। द्विवेदी जी कहते है कि आपने तो लक्ष्मण के वन जाते समय भी उर्मिला को उनसे मिलने की आवश्यकता नहीं समझी।

### कवियों की उदासीनता पर प्रश्न

आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी जी कहते है कि आपने रामचरितमानस में उर्मिला को थोड़ा भी स्थान देना जरूरी नही समझा, वह कहते हैं कि कम से कम आप सिर्फ एक चौपाई में ही उर्मिला की स्थिति को बता सकते थे। पति के वियोग में उर्मिला के मन में क्या-क्या भावनाएं उठ रही थी इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। उर्मिला को जनकपुर से अयोध्या तक पहुंचने के बाद तो जैसे आपने उनके अस्तित्व को ही भुला दिया था।

### कवि ने दिया स्थान

उर्मिला को अंत में सिर्फ कवि भवभूति ने अपने काव्य में स्थान दिया। जब रामजी, माता सीता और लक्ष्मण वन से वापस लौट आए तब जाकर कहीं कवि को उर्मिला की याद आई। जहां माता सीता, उर्मिला को देखकर पूछती है कि लक्ष्मण यह कौन है? माता सीता के इस सवाल को सुनकर लक्ष्मण मन ही मन कहने लगे- उर्मिला को माता सीता पूछ रही हैं। लक्ष्मण ने माता सीता के सवाल का जवाब दिए बिना उर्मिला के चित्र पर अपना हाथ रख दिया और उनके हाथ से उर्मिला का चित्र ढ़क गया, अंत में वह कहते है कि कितने दुख की बात है कि देवी उर्मिला का उज्जवल चरित्र कवि कभी दिखा ही नहीं पाए वह आज भी ऐसे ही ढ़का हुआ है।

# सकट चौथ पर पढ़ें गणेश जी की कथा, सब संकट होंगे दूर, जानें मुहूर्त, चंद्रोदय और पारण समय

**पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार देवता गण संकट में घिरे हुए थे, तो वे कैलाश पर्वत पर भगवान शिव की शरण में आए। वहां पर भगवान गणेश और कार्तिकेय जी उपस्थित थे। भगवान भोलेनाथ ने अपने पुत्रों कार्तिकेय और गणेश से पूछा कि तुम दोनों में से कौन देवाताओं के संकट को दूर करेगा।**

इस साल सकट चौथ 29 जनवरी दिन सोमवार को है। सकट चौथ के दिन माताएं संतान की सुरक्षा और उनके सुखमय जीवन के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। शुभ मुहूर्त में विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की पूजा की जाती है और सकट चौथ की व्रत कथा सुनती हैं। रात के समय में चंद्रमा को अर्घ्य देकर पारण करती हैं। सकट चौथ को तिलकुट चैथ, तिलकुट चतुर्थी, माघ संकष्टी चतुर्थी के नामों से भी जाना जाता है। तिरुपति के ज्योतिषाचार्य डॉ। कृष्ण कुमार भार्गव से जानते हैं सकट चौथ की व्रत कथा, पूजा मुहूर्त, पारण समय और चंद्रोदय के बारे में।



### सकट चौथ की व्रत कथा

**1। पहली कथा**

पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार देवता गण संकट में घिरे हुए थे, तो वे कैलाश पर्वत पर भगवान शिव की शरण में आए। वहां पर भगवान गणेश और कार्तिकेय जी उपस्थित थे। भगवान भोलेनाथ ने अपने पुत्रों कार्तिकेय और गणेश से पूछा कि तुम दोनों में से कौन देवाताओं के संकट को दूर करेगा। दोनों ने ही कहा कि वे देवताओं को संकट से उबार सकते हैं।

भगवान महादेव ने कहा कि तुम दोनों में से जो पहले धरती की परिक्रमा करके आएगा, उसे ही देवताओं के संकट को दूर करने का अवसर मिलेगा। यह सुनते ही कार्तिकेय मोर पर सवार होकर पृथ्वी की परिक्रमा करने चल दिए।

गणेश जी का वाहन मूषक था और उससे पृथ्वी की परिक्रमा जल्दी कर पाना संभव नहीं था। तब गणेश जी ने अपने माता-पिता की परिक्रमा करनी शुरू कर दी। 7 बार परिक्रमा करने के बाद वे अपने माता-पिता को प्रणाम करके एक तरफ खड़े हो गए। कुछ देर में कार्तिकेय वहां आ गए और स्वयं को विजेता बताने लगे।

इस पर शिव जी ने गणेश जी से पूछा कि उन्होंने पृथ्वी की परिक्रमा करने की जगह माता-पिता की परिक्रमा क्यों की? तब गणेश जी ने कहा कि माता-पिता के चरणों में ही समस्त लोक होता है। यह सुनकर भगवान शिव प्रसन्न हुए और गणेश जी को विजयी घोषित किया।

उन्होंने गणेश जी को देवताओं के संकट दूर करने का आदेश दिया। साथ ही गणेश जी को आशीर्वाद दिया कि जो व्यक्ति चौथ के दिन व्रत रखकर तुम्हारी पूजा करेगा और चंद्रमा को अर्घ्य देगा, उसके सभी संकट दूर होंगे और पाप मिटेंगे। उसे पुत्र, धन, सुख, समृद्धि आदि की प्राप्ति होगी।

**2। दूसरी कथा**

पौराणिक कथा के अनुसार, एक नगर में एक बुढ़िया थी। वह गणेश जी की परम भक्त थी। हमेशा चतुर्थी का व्रत रखती और गणेश जी की पूजा करती थी। एक दिन गणेश जी प्रकट हुए और उससे बोले कि आज तुम जो चाहो मांग लो। मन की मुराद पूरी होगी।

इस पर बुढ़िया ने गणेश जी से कहा कि उसे तो मांगना नहीं आता। वह कैसे कुछ मांगे? तब गणेश जी ने कहा कि तुम अपने बेटे और बहू से सलाह लेकर मांग ले। इस पर बुढ़िया ने अपने बेटे से कहा कि गणेश जी ने कुछ मांगने को कहा है, क्या मांग लूं? उसने कहा कि धन मांग ले, उसकी पत्नी ने कहा कि नाती मांग ले।

बुढ़िया ने पड़ोस के लोगों से भी इस बारे में पूछा, तो उन्होंने कहा कि धन और नाती का तुम्हें क्या लाभ है। तुम अंधी हो, अपने लिए गणेश जी से आंखों की रोशनी मांग लो।

बुढ़िया ने गणेश जी से कहा कि आप प्रसन्न हैं तो 9 करोड़ की माया दो, निरोगी काया दो, अखंड सुहाग दो, आंखों की रोशनी दो, नाती और पोता दो, सुख और समृद्धि दो और जीवन के अंत में मोक्ष दो।

इस पर गणेश जी ने कहा कि बुढ़िया मां, तुमने तो मुझे ठग लिया, लेकिन जाओ तुम्हारी सब मनोकामनाएं पूरी हों। उसके बाद गणेश जी वहां से चले गए। बुढ़िया को सबकुछ प्राप्त हो गया।

### सकट चौथ 2024 मुहूर्त और पारण समय

गणेश पूजा का मुहूर्त: सूर्योदय से सुबह 09:44 एएम तक

शोभन योग: प्रात:काल से सुबह 09:44 एएम तक

अभिजीत मुहूर्त: 12:13 पीएम से 12:56 पीएम तक

चंद्रोदय समय: रात 09:10 पीएम

पारण का समय: चंद्रमा को अर्घ्य देने का बाद

# धन संपत्ति पाने के लिए इस तरह से करें सूर्य देव की पूजा, होगी धनवर्षा!



सूर्य देव का हिंदू धर्म में विशेष स्थान है। इसलिए दिन की शुरुआत ही सूर्य देव के दर्शन कर उनको नमस्कार करने से होती है। सूर्य देव की उपासना विशेष शुभ फलदायक मानी जाती है। माना जाता है प्रतिदिन श्रद्धा से सूर्य देव की पूजा करने से साधक के जीवन में भी सूर्य जैसा तेज आने लगता है, हर काम में सफलता मिलती है, बिगड़े काम सरलता पूर्वक पूरे होने लगते हैं और घर में सुख शांति आती है।

सूर्य देव की पूजा करने से माना जाता हैं कि जो भी ग्रह दोष व्यक्ति के जीवन में चल रहे होते हैं, उनसे छुटकारा पाने में मदद मिलती है । मान्यता के अनुसार सुबह सुबह सिर्फ सूर्य देव को जल चढ़ाने से ही व्यक्ति के जीवन में चल रही सभी परेशानियां धीरे धीरे खत्म हो जाती हैं।

### इस तरह से करें सूर्य देव की पूजा

**स्नान**- सूर्य देव की पूजा सुबह सुबह की जाती है इसलिए सुबह पूजा से पहले नदी में स्नान करें ,ऐसा करना बहुत शुभ माना जाता है। अगर नदी में स्नान करना संभव न हो तो घर में ही पानी में गंगाजल डाल कर स्नान करें।

### साफ और स्वच्छ वस्त्र

स्नान करने के बाद धुले हुए साफ वस्त्र धारण करें। धुले हुए साफ वस्त्र धारण करने से पूजा के दौरान सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है।

### साफ सफाई

स्नान कर साफ वस्त्र पहनने के बाद जिस स्थान पर आपको पूजा करनी है उस स्थान की अच्छे से साफ सफाई करें और उसको अच्छी तरह से सजा दें। सजावट के लिए आप फूलों का प्रयोग भी कर सकते हैं।

### पूजन सामग्री

अब धूप, दीप जलाकर सूर्य देव को कुमकुम का तिलक और चावल अर्पित करें ,फूल और फल चढ़ाएं और एक तांबे के लोटे में जल भरकर रखें।

### मंत्र का जाप

अब सूर्य देव को प्रणाम कर ? ह्रां ह्रीं ह्रौं स: सूर्याय नम: मंत्र का जाप करें। जाप के बाद तांबे के लोटे से भगवान सूर्य को जल अर्पित करें।

### सूर्य देव की पूजा में ध्यान देने योग्य बातें

सूर्य देव की पूजा प्रात: काल में ही की जाती है इसलिए हमेशा सुबह सुबह सूर्योदय के साथ ही सूर्य देव की पूजा करें। पूजा के बाद दान का विशेष महत्व माना जाता है इसलिए जरूरतमंद लोगों को उनकी जरूरत की चीजों का दान करें तो ज्यादा शुभ माना जाता है।

# आर्थिक तंगी से हैं परेशान तो रोज सुबह उठकर करें ये काम, मनोकामना होगी पूरी

हिंदू धर्म में मां लक्ष्मी को धन और वैभव की देवी माना जाता है। धार्मिक ग्रंथो के अनुसार यह कहा जाता है कि यदि मां लक्ष्मी आप से किसी कारणवश रूठ जाती हैं तो आपके जीवन में धन की कमी होने लगती है। धन की कमी होने से जीवन में बहुत-सी परेशानियों का आगमन हो जाता है। इसलिए लोग सदैव मां लक्ष्मी को प्रसन्न रखने की कोशिश करते हैं। आइए इस लेख में यह जानने की कोशिश करते हैं कि आर्थिक तंगी से बचने के लिए क्या उपाय करने चाहिए।

### इस रंग के फूल से मां लक्ष्मी होंगी प्रसन्न

यदि आप आर्थिक तंगी से बचना चाहते हैं तो मां लक्ष्मी को रोज सुबह उठकर लाल रंग के फूल अर्पित करें। घर के पूजा स्थल पर मां लक्ष्मी की मूर्ति या तस्वीर के सामने लाल रंग के फूल चढ़ाने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और व्यक्ति को कभी धन-धान्य की कमी नहीं होती है।

### हनुमान जी करेंगे बेड़ा पार

भगवान राम के प्रिय भक्त हनुमान जी का पूजन करने से आर्थिक संकट से मुक्ति मिलती है। इसके लिए आप एक पीपल के पत्ते पर राम लिखकर किसी मंदिर में रख दीजिए। ध्यान रहे कि राम नाम वाला पत्ता हनुमान जी के चरणों के पास बिलकुल न रखें।

### रोजाना करें यह पाठ

आर्थिक तंगी से बचने के लिए यदि आप सुबह उठकर कनकधारा का श्रद्धापूर्वक पाठ करते हैं तो आपको जीवन में तरक्की मिलती रहेगी और सफलता के योग आपके जीवन में बनेंगे।

### रखें साफ-सफाई

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह माना जाता है कि मां लक्ष्मी को घर और द्वार पर सफाई अत्यंत प्रिय है। आर्थिक तंगी से बचने के लिए आप रोज सुबह उठकर घर के मुख्य द्वार और घर की सफाई करें। ऐसा करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं, साथ ही यह वास्तुशास्त्र के अनुसार शुभ माना जाता है

### तुलसी का करें पूजन

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी को तुलसी का पौधा बहुत ही प्रिय है।

# बृहस्पति के इन 5 उपायों से बदल जाएगी आपकी किस्मत, सोने जैसा चमक उठेगा भाग्य

देवताओं के गुरु माने जाने वाले बृहस्पति की बात करें तो वह किसी भी व्यक्ति की कुंडली में सुख-सौभाग्य के कारक माने गए हैं। ज्योतिष के अनुसार, गुरु ग्रह धनु और मीन राशि के स्वामी माने गए हैं। कुंडली में गुरु ग्रह के मजबूत होने पर व्यक्ति सुखी, अच्छी शिक्षा प्राप्त करने वाला, धार्मिक और सदाचारी होता है। उसे जीवन में हर कदम पर सौभाग्य का साथ मिलता है, लेकिन इसके विपरीत कमजोर होने पर जातक की पढ़ाई-लिखाई में अड़चन और विवाह में समस्याएं आती हैं। कुंडली में गुरु ग्रह से संबंधित दोष होने के कारण उसे जीवन में सौभाग्य का साथ कम मिल पाता है। यदि आपकी कुंडली में भी गुरु ग्रह से संबंधित दोष है तो उससे मुक्ति पाने और मनोकामना को पूरा करने के लिए करें ये अचूक उपाय।



### देवगुरु बृहस्पति की पूजा से जुड़े सरल एवं प्रभावी उपाय

पंडित दिलीप द्विवेदी ने बताया है कि सनातन परंपरा में देवगुरु बृहस्पति की शुभता को पाने के लिए हल्दी का उपाय सबसे ज्यादा कारगर माना गया है। यदि आप चाहते हैं कि आपका गुडलक पूरी तरह काम करें और हर समय देवगुरु बृहस्पति की कृपा बरसती रहे तो आपको प्रतिदिन पूजा में हल्दी का प्रयोग जरूर करना चाहिए और उसे प्रसाद स्वरूप अपने माथे पर लगाना चाहिए।

हिंदू मान्यता के अनुसार केले के पेड़ की पूजा करने पर देवगुरु बृहस्पति शीघ्र ही प्रसन्न होते हैं।

ऐसे में उनकी शुभता को पाने के लिए व्यक्ति को प्रतिदिन केले के पेड़ को जल देने के बाद पूजा अवश्य करनी चाहिए।

यदि आपकी कुंडली में गुरु कमजोर होकर आपके कष्टों का कारण बन रहे हैं तो आपको केसर से जुड़ा सरल सनातनी उपाय एक बार जरूर आजमाना चाहिए।

ज्योतिष के अनुसार शुक्लपक्ष में पड़ने वाले गुरुवार के दिन से केसर का तिलक माथे और नाभि पर लगाना प्रारंभ करें और प्रतिदिन लाएं। मान्यता है कि इस उपाय को करते ही व्यक्ति को चमत्कारिक रूप से लाभ होता है। ज्योतिष के अनुसार कुंडली में गुरु ग्रह की शुभता को पाने के लिए गुरुवार के दिन भगवान विष्णु के मंदिर में जाकर पीले रंग के कपड़े में चना, दाल और कुछ पैसा रखकर चढ़ाना चाहिए। इसी प्रकार गुरुवार के दिन किसी मंदिर में धार्मिक पुस्तकें दान करने पर भी गुरु ग्रह की शुभता प्राप्त होती है। ज्योतिष में नवग्रहों की शुभता पाने के लिए नवरत्न से जुड़े उपाय सुझाए गये हैं। ऐसे में यदि आप गुरु ग्रह की शुभता को पाना चाहते हैं तो आपको किसी योग्य ज्योतिष की सलाह लेकर गुरु ग्रह के रत्न पुखराज को सोने की अंगूठी में जड़वाकर शुभ समय में पूरी विधि-विधान से धारण करना चाहिए। इन उपायों को गुरुवार के दिन विशेष रूप से करें। तो आपको इसका फल अवश्य मिलेगा।

# ऐसी जगह पर भूलकर भी न रखें लाफिंग बुद्धा, वरना झेलनी पड़ेगी बड़ी परेशानी

**फेंगशुई के बताए गए तमाम उपायों में लाफिंग बुद्धा की मूर्ति को गुडलक बढ़ाने वाला माना गया है, लेकिन इस मूर्ति को घर में रखने का भी एक नियम होता है, उसे जानने के लिए जरूर पढ़ें ये लेख.**



अक्सर घरों और ऑफिस में हंसते हुए लाफिंग बुद्धा की तरह-तरह की मूर्तियों को देखा होगा। इन्हें गुड लक के तौर पर भी जाना जाता है। वहीं, लाफिंग बुद्धा को घर की खुशहाली से जोड़कर देखा जाता है। इनके रहने से खजाने खाली नहीं होते हैं। ऐसे में आप घर, रेस्टोरेंट या ऑफिस किसी भी जगह पर इनकी मूर्ति रख सकते हैं। हालांकि, कुछ जगहें ऐसी होती हैं, जहां कभी लाफिंग बुद्धा को नहीं रखना चाहिए।

दरअसल, मान्यता है कि लाफिंग बुद्धा महात्मा बुद्ध के एक जापानी शिष्य थे। जिनका नाम होतेई था। जब उन्होंने बुद्ध से शिक्षा प्राप्त कर ली तो अचानक वे जोर-जोर से हंसने लगे। जिसके बाद से उन्होंने अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया कि वे जहां भी रहेंगे लोगों को हंसाते रहेंगे।उनके हंसमुख स्वभाव की वजह से लोगों ने उन्हें लाफिंग बुद्धा बुलाना शुरू कर दिया। कहा जाता है कि होतेई जहां भी जाते थे लोगों को इतना हंसाते थे कि वहां की निगेटिविटी गायब हो जाती थी।

### घर में कहां रखा जाता है लाफिंग बुद्धा को?

वास्तु शास्त्र के नियमानुसार, लाफिंग बुद्धा की मूर्ति को मेन गेट के सामने कम से कम 30 इंच की ऊंचाई पर रखना चाहिए। इसे परिवार के सौभाग्य का स्थान कहा जाता है। ऐसे में प्रयास रहें है कि लाफिंग बुद्धा का फेस घर के मेन गेट के ठीक सामने हो, जिससे दरवाजा खुलने पर घर में आने वाले किसी भी शख्स की नजर पहले लाफिंग बुद्धा पर ही पड़े। जिससे घर में आने वाली निगेटिव ऊर्जा खत्म हो जाती है।

### लाफिंग बुद्धा को किस जगह पर न रखा जाए?

बता दें कि, वास्तु शास्त्र के मुताबिक, घर में कुछ खास जगहों पर लाफिंग बुद्धा को रखने के बुरे रिजल्ट सामने आ सकते हैं। कहा जाता है कि घर में किचन, डाइनिंग हॉल, बेडरूम , टॉयलेट के आस-पास कभी भी भूलकर लाफिंग बुद्धा को नहीं रखना चाहिए।

हालांकि, इसके अलावा कभी भी भूलकर सीधे जमीन पर रखने की गलती ना करें। इसके लिए मेज का इस्तेमाल करें।



# एमी विजेता शो से जुड़ीं दीपिका पादुकोण?

दीपिका पादुकोण का नाम बॉलीवुड की सबसे सफल अभिनेत्रियों की सूची में शुमार है। साल 2024 में दीपिका इतिहास रचने को तैयार हैं, क्योंकि इस साल उनकी एक दो नहीं तीन बहुप्रतीक्षित फिल्में रिलीज होने वाली हैं। दो दिन बाद गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन अभिनीत पहली एक्शन एरियल फिल्म फाइटर बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। फिल्म को लेकर फैंस का उत्साह चरम पर है। एडवांस बुकिंग मामले में यह मूवी शानदार प्रदर्शन कर रही है। इसी बीच दीपिका के फैंस के लिए एक और बड़ी खुशखबरी सामने आई है। बॉलीवुड के साथ ही अभिनेत्री हॉलीवुड में एक दफा फिर अपना जलवा बिखेरने वाली हैं। विन डीजल के साथ एक्सएक्सएक्स - रिटर्न ऑफ जेंडर केज जैसी परियोजनाओं की बदौलत दीपिका पादुकोण का अभिनय कौशल न केवल बॉलीवुड में बल्कि हॉलीवुड में भी प्रसिद्ध है। ऐसा लगता है कि दीपिका को एक और हॉलीवुड प्रोजेक्ट, सुपरहिट शो द व्हाइट लोटस मिल गया है। अफवाहें हैं कि दीपिका लोकप्रिय शो द व्हाइट लोटस के तीसरे सीजन में दिखाई देंगी। एमी विजेता इस शो की स्टार कास्ट में जेनिफर कूलिज, थियो जेम्स और ऑब्रे प्लाजा जैसे नाम शामिल हैं। अफवाहों के बीच, रेडिट पर एक स्क्रीनशॉट सामने आया, जो उनकी सास अंजू भवनानी का एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट था। शो में दीपिका की उपस्थिति की अफवाह के बारे में तीन पोस्ट को अकाउंट ने लाइक किया था। यह पोस्ट तेजी से माइक्रोब्लॉगिंग साइट पर वायरल हो रही है। रिपोर्ट्स पर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा, अगर यह सच है तो मैं उनके लिए खुश हूं। दूसरे ने कहा, मेरा निष्कर्ष यह है कि उनकी सास कितनी सहायक हैं। ऐसे ससुराल वाले पाना हर किसी की किस्मत में नहीं होता।

रिपोर्ट पर प्रतिक्रियाओं की लड़ी लगी हुई है। एक व्यक्ति ने टिप्पणी की, क्या यह सच हो सकता है? उनकी एक छोटी सी भूमिका हो सकती है? एक अन्य ने कहा, वह केवल छोटी भूमिकाएं या कैमियो ही क्यों कर रही हैं? वह बहुत अच्छी अभिनेत्री ,हैं और मैं उन्हें स्क्रीन पर और अधिक अभिनय करते हुए देखना पसंद करूंगा। हालांकि, दीपिका और उनकी टीम ने अभी तक इस पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।



# विक्रमादित्य मोटवानी की फिल्म कंट्रोल मिलने पर बोलीं अनन्या - पूरा हुआ बड़ा सपना

खो गए हम कहां के बाद अनन्या पांडे अब अपनी अगली फिल्म के लिए तैयारी कर रही हैं। वे विक्रमादित्य मोटवानी द्वारा निर्देशित एक साइबर थ्रिलर में नजर आएंगी, जिसका अस्थायी नाम कंट्रोल है। अब हाल ही में दिए साक्षात्कार में उन्होंने फिल्म के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि जब फिल्म निर्माता ने पहली बार उनसे इस परियोजना का हिस्सा बनने के लिए कहा तो वे सदमे में थीं।

अनन्या ने खुलासा किया कि उन्हें विश्वास ही नहीं हो रहा कि उन्हें यह फिल्म मिल गई है। उन्होंने कहा, विक्रम सर के साथ काम करना वास्तव में एक सपना था, क्योंकि मैंने उड़ान अनगिनत बार देखी है। यह मेरी मां की पसंदीदा फिल्म है। मुझे लगता है कि जब वे मुझसे मिलना चाहते थे तो मैं सदमे में थी। शुरुआत करने के लिए जब मेरी टीम ने कहा कि विक्रम सर आपसे मिलना चाहते हैं तो मैंने कहा, क्यों? वे मेरे साथ काम करना चाहते हैं? और जब मैं उनसे मिली तो मैंने उनसे पूछा, क्या आप वाकई इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं? उन्होंने कहा, हां, मुझे यकीन है। इस वजह से मुझे यह समझने में कुछ समय लगा कि मैं विक्रम सर के साथ काम कर रही हूं।

## अभिनेत्री में आत्मविश्वास की कमी


अनन्या ने यह भी खुलासा किया कि वह कम आत्मविश्वास से पीड़ित हैं। उन्होंने कहा, मुझमें आत्म-विश्वास बहुत कम है। मैं सत्यापन चाहने वाली व्यक्ति हूं, इसलिए जब मैं सेट पर होती हूं, तब भी मुझे अपने निर्देशकों से 10 बार पुष्टि करने की आवश्यकता होती है कि शॉट ठीक था। मैं हमेशा कहती हूं कि क्या यह ठीक था? क्या मुझे एक और करना चाहिए? यहां तक कि जब कोई मेरे काम की प्रशंसा करता है या मेरी तारीफ करता है तो मेरी पहली प्रतिक्रिया होती है कि सच में? क्या आपको यकीन है? तो मेरे पास वह है, जिसे मैं बेहतर करने की कोशिश कर रही हूं। मैं नहीं जानती कि यह कहां से आता है। मुझे लगता है कि यह हमेशा मेरे व्यक्तित्व में रहा है।

## विक्रमादित्य मोटवानी की फिल्में

विक्रमादित्य मोटवानी ने 2010 की फिल्म उड़ान से निर्देशन शुरू किया और बाद में लूटेरा, ट्रैप्ड, भावेश जोशी सुपरहीरो और सेक्रेड गेम्स जैसी फिल्में बनाई। उन्होंने हाल की फिल्म जुबली, एके वर्सेज एके का भी निर्देशन किया है। वहीं अब वे अपनी फिल्म कंट्रोल के लिए तैयार हैं।



# ओटीटी नहीं सिनेमाघरों में दस्तक देगी मैदान, आमने सामने होंगे अजय देवगन-अक्षय कुमार



अजय देवगन की फिल्म मैदान बीते लंबे समय से सुर्खियों में है। अमित शर्मा के निर्देशन में बनी इस फिल्म की रिलीज को कई दफा टाला जा चुका है। इसी बीच फिल्म का इंतजार कर रहे फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। बीते दिन रिपोर्ट्स आई थीं कि अजय देवगन की इस फिल्म का प्रीमियर अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर होगा। हालांकि, निर्माताओं ने नए खुलासे से फैंस को खुश कर दिया है। फिल्म, बड़े पर्दे पर ही रिलीज होगी। इतना ही नहीं इसकी नई रिलीज डेट से भी पर्दा उठ गया है। बोनी कपूर और जी स्टूडियोज के जरिए निर्मित फिल्म मैदान में अजय देवगन एक कुशल भारतीय कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका में नजर आने वाले हैं। रविवार को निर्माताओं ने दर्शकों को बड़ा तोहफा देते हुए फिल्म की नई रिलीज डेट का खुलासा कर दिया है। मैदान इस साल अप्रैल के महीने में ईद के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक दे रही है। इस तरह बॉक्स ऑफिस पर अजय देवगन की फिल्म का क्लैश अक्षय कुमार की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां से होगा।



# रोहित शेट्टी ने खोली बॉलीवुड की पोल, कहा– स्टार्स अपने प्रतिद्वंदी कलाकर की करवाते हैं ट्रोलिंग

इन दिनों एक्शन फिल्में बनाने के लिए मशहूर रोहित शेट्टी चर्चा में हैं। उन्होंने वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स से ओटीटी पर अपना धमाकेदार डेब्यू किया है। दर्शकों को यह सीरिज काफी पसंद आ रही है। इस सीरीज में सिद्धार्थ मल्होत्रा से लेकर विवेक ओबेरॉय और शिल्पा शेट्टी जैसे दिग्गज कलाकार अहम भूमिका निभा रहे हैं। रोहित शेट्टी अपने सीरीज के प्रमोशन में काफी व्यस्त हैं। पिछले दिनों रोहित ने बॉलीवुड सिनेमा और सिने स्टार्स की सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग के बारे में खुलकर मीडिया से बात की है।

## अभिनेता खुद करवाते हैं ट्रोलिंग

रोहित शेट्टी अपने बेबाक और निडर अंदाज के लिए जाने जाते हैं। पिछले दिनों उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान कई खुलासे किए। निर्देशक ने बताया, इन दिनों सोशल मीडिया पर जिस तरह से स्टार्स ट्रोल किए जाते हैं, वो काफी दुखद है। बॉलीवुड स्टार्स के फैन क्लब बने हुए हैं। इन्हीं क्लब्स के जरिए बहुत बार कई स्टार्स अपने प्रतिद्वंदी कलाकर की ट्रोलिंग करवाते हैं। मुझे इनमें से कई स्टार्स के नाम भी पता हैं क्योंकि मैं अपनी फिल्मों के लिए साइबर सेल से कई बार मिलता रहता हूं, लेकिन मैं इनके नाम का खुलासा नहीं करूंगा। मैं किसी का भी नाम नहीं लेना चाहता हूं।

## ट्रोलिंग के लिए फिक्स हैं रेट

इंडियन पुलिस फोर्स के निर्देशक आगे कहते हैं, ये एक्टर्स जानते हैं कि मुझे इनके बारे पता है, इसलिए वे कुछ बोल नहीं सकते हैं। ट्रोलिंग के लिए 1200 से 1500 रुपए का रेट फिक्स होता है। यही एक्टर्स अपने फैन क्लब को बताते हैं कि उस एक्टर की फिल्म आ रही है, अब उन्हें ट्रोल करना है, अब उन्हें गालियां देनी हैं।

## रोहित शेट्टी का वर्क फंट

रोहित शेट्टी इन दिनों 'इंडियन पुलिस फोर्स के प्रमोशन में व्यस्त हैं। दर्शकों को पुलिस फोर्स पर आधारित ये शो काफी पसंद आ रहा है। इस सीरीज से विवेक ओबेरॉय ने अपनी धमाकेदार वापसी की है। वहीं पुलिस ऑफिसर बनीं शिल्पा शेट्टी का लुक दर्शकों को काफी कमाल लग रहा है। इसके अलावा रोहित की आगामी फिल्मों में गोलमाल 5 और सिंघम 3 शामिल हैं।

# पैन इंडिया फिल्म का निर्माण करने की तैयारी में भंसाली, मार्च में कर सकते हैं एलान

संजय लीला भंसाली फिलहाल अपने बहुचर्चित प्रोजेक्ट हीरामंडी को लेकर व्यस्त चल रहे हैं। अभी इसे पोस्ट प्रोडक्शन का काम हो रहा है। इस बीच निर्देशक अपनी अगली फिल्म को लेकर भी चर्चा में हैं। कहा जा रहा है कि भंसाली एक मल्टी स्टारर फिल्म का निर्माण करने जा रहे हैं। इसका एलान वे मार्च में कर सकते हैं। ये फिल्म पैन इंडिया होगी।

## मार्च में होगा फिल्म का एलान?

संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरमंडी रिलीज के लिए तैयार है। ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर आएगी और इसी के साथ दिग्गज निर्देशक ओटीटी पर अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। हीरामंडी के पोस्ट-प्रोडक्शन काम के बीच भंसाली अपनी आगामी फिल्म की तैयारियों में जुट गए हैं। कहा जा रहा है कि वे मार्च 2024 तक आगामी फिल्म का एलान भी कर सकते हैं।

## पैन इंडिया स्तर पर बनेगी फिल्म

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भंसाली एक मल्टी स्टारर प्रोजेक्ट की तैयारी कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है, संजय लीला भंसाली की अगली फिल्म पैन इंडिया होगी। यह मल्टी स्टारर पैन इंडिया फिल्म हो सकती है, जिसे व्यापक स्तर पर बनाए जाने की तैयारी है। इस फिल्म को लेकर तरह-तरह की खबरें फैल रही हैं, हालांकि अभी तक किसी चीज को लेकर खुलासा नहीं हुआ है।

## हीरामंडी में नजर आएंगे ये सितारे

बात करें हीरामंडी की तो भंसाली इसके क्रिएटर और डायरेक्टर हैं। इसके लिए वे पहली बार नेटफ्लिक्स के साथ आए हैं। इस सीरीज में ऋचा चड्ढा, सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला, अदिति राव हैदरी और संजीदा शेख नजर आएंगे। हीरामंडी के अलावा भंसाली बैजू बावरा को लेकर भी लगातार चर्चा में हैं। लेकिन, एक एंटरटेनमेंट न्यूज पोर्टल की खबर के मुताबिक, संजय लीला भंसाली की फिल्म 'बैजू बावरा' ठंडे बस्ते में चली गई है, हालांकि भंसाली की कंपनी इस खबर को सही नहीं मानती है।



# कर्मा कालिंग में रवीना टंडन के साथ भिड़ती नजर आएंगी नम्रता शेठ



अमेजन प्राइम वीडियो की सीरीज गिल्टी माइंड्स के बाद अभिनेत्री नम्रता शेठ इस बार डिज्नी प्लस हॉटस्टार की सीरीज में कर्मा कालिंग में दमदार भूमिका में नजर आएंगी। इस सीरीज में कर्मा तलवार की भूमिका निभा रही नम्रता शेठ का कहना है कि इस भूमिका को हासिल करने के लिए उन्हें कड़ी प्रतिस्पर्धा से गुजरना पड़ा। इस सीरीज में उनका किरदार अभिनेत्री रवीना टंडन के किरदार इंद्राणी चौधरी के साथ भिड़ता नजर आएगा। वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग के बारे में अभिनेत्री नम्रता शेठ कहती हैं, इस सीरीज में कर्मा तलवार की भूमिका के लिए मुझे कई दौर के ऑडिशन से गुजरना पड़ा क्योंकि यह एक ऐसी भूमिका थी जिसे मैं वास्तव में करना चाहती थी। कर्मा तलवार की ऐसी भूमिका है, जिसके साथ बहुत बुरा हुआ है, जिसका वह बदला लेना चाहती है। कर्म कभी माफ नहीं करता, कभी न कभी कर्म का फल सबको भुगतना पड़ता है। मुझे इस किरदार से बहुत जुड़ाव महसूस हुआ। जब सीरीज की डायरेक्टर रुचि नारायण मुझसे मिली, तो उन्हें तुरंत लगा कि मैं कर्मा तलवार हो सकती हूं। वेब सीरीज गिल्टी माइंड्स 2022 अप्रैल में रिलीज हुई थी और कर्मा कॉलिंग के लिए जून जुलाई में ऑडिशन दिया और अगस्त में इस शो के लिए फाइनल हुई थी काफी लम्बा ऑडिशन प्रोसेस था। अभिनेत्री रवीना टंडन के साथ अपने काम करने के अनुभव को साझा करते हुए नम्रता सेठ कहती हैं, रवीना मैडम से हर छोटी सी छोटी चीज सीखने को मिली। उनके पास कई सालों का बड़ा अनुभव है। उनके लुक्स और अदाओं को देखना मेरे लिए बहुत ही अद्भुत अनुभव रहा है। गिल्टी माइंड्स में ज्यादातर हैंड हेल्ड शॉट थे। लेकिन इस शो में सही मार्क्स पर पहुंचकर अपने डायलॉग्स बोलने थे। डायलॉग का ध्यान रखती थी तो मार्क्स भूल जाती है और मार्क्स का ध्यान रखती थी तो डायलॉग्स भूल जाती थी, लेकिन रवीना मैडम ने धैर्य और पूरी सहजता से मेरा साथ दिया।

# आलिया भट्ट-रणबीर कपूर के साथ नजर आएंगे विक्की कौशल

संजय लीला भंसाली की अपकमिंग फिल्म लव एंड वॉर की ऑफिशियल अनाउंसमेंट हो चुकी है। ये एक मॉडर्न लव स्टोरी होने वाली है, जिसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल अहम किरदारों में नजर आने वाले हैं। विक्की कौशल ने फिल्म पर कन्फर्मेशन देते हुए बताया है कि फिल्म अगले साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज की जाएगी। विक्की कौशल ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट से फिल्म की ऑफिशियल अनाउंसमेंट करते हुए लिखा है, सिनेमा का इटरनल ड्रीम अब सच हो रहा है। विक्की कौशल के अलावा आलिया भट्ट और संजय लीला भंसाली की प्रोडक्शन टीम ने भी फिल्म का पोस्टर शेयर किया है, जिसमें लिखा है, हम पेश करते हैं संजय लीला भंसाली की एपिक सागा, लव एंड वॉर। क्रिसमस 2025 में मूवी में मिलते हैं। इस पोस्टर के साथ ये कन्फर्मेशन भी मिल चुका है कि फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल अहम किरदारों में हैं। इसमें तीनों स्टारकास्ट के सिग्नेचर दिए गए हैं। 6 साल बाद साथ आ रहे हैं आलिया-विक्की फिल्म लव एंड वॉर आलिया भट्ट और विक्की कौशल की दूसरी फिल्म होने वाली है। इससे पहले दोनों साल 2018 की फिल्म राजी में साथ नजर आ चुके हैं। वहीं ये रणबीर आलिया की भी साथ में दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले दोनों ब्रह्मास्त्र: पार्ट 1 में साथ नजर आ चुके हैं।



# भाजयुमो ने नमो नव मतदाता सम्मेलन का किया आयोजन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता युवा मोर्चा नोएडा महानगर में भाजयुमो जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव के नेत्रत्व में नमो नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया।

भाजपा युवा मोर्चा नोएडा महानगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के लाइव प्रसारण में महर्षि विश्वविद्यालय महर्षी नगर में भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित डी एम इ कॉलेज सेक्टर 62 मे युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री अंजली चौहान उपस्थित रही, राजकीय कॉलेज सेक्टर 39 में युवा मोर्चा सह कोषाध्यक्ष नरेंद्र भाटी जी उपस्थित रहे तथा एवीयर कॉलेज सेक्टर 62 में रिकॉर्डिंग प्रसारण में प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन एवं प्रदेश मंत्री अंजली चौहान उपस्थित रहीं 25 जनवरी को नमो नव मतदाता सम्मेलन आयोजित किया गया।






महर्षि विश्वविद्यालय मे भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह ने सभी युवाओं से देश एवं राष्ट्रहित में अपने मताधिकार का प्रयोग करने और देश में एक फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेत्रत्व वाली सशक्त सरकार को चुनने का अनुरोध किया।

कार्यक्रम में अनुज प्रधान, मोहित शर्मा, नवीन मिश्रा, विपुल शर्मा राजू पंडित नरेंद्र जोगी रितेश वर्मा सत्यम सिंह प्रवीण चौहान अमित पांडे आकाश चौहान, मोनू जोगी कपिल धारीवाल विपिन भाटी, ललित शर्मा, शिवम पाठक सुमित शर्मा, रवि वाल्मीकि, लेखराज बेनीवाल, शुभम सिसोदिया शिवम शर्मा दीपक सिंह रोहित शर्मा इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पद्मश्री राजाराम जैन को सेक्टर-34 आरडब्ल्यूए ने किया सम्मानित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** आरडब्ल्यूए सेक्टर-34 ने साहित्यकार राजा राजाराम जैन को पदमश्री मिलने पर सम्मानित किया। शनिवार को फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए सेक्टर-34 द्वारा सेक्टर निवासी साहित्यकार राजाराम जैन को पदमश्री मिलने पर उनके निवास स्थान पर जाकर सम्मानित किया।



फेडरेशन महासचिव धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि यह हमारे सेक्टर के लिए बहुत ही गौरव की बात है कि हमारे सेक्टर निवासी राजाराम जैन को पदमश्री दिए जाने की घोषणा की गई है। उनकी इस विशेष उपलब्धि के लिए आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने निर्णय लिया है कि जल्द ही एक बड़ा समारोह आयोजित करके उनको विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान आरडब्ल्यूए अध्यक्ष के के जैन महासचिव धर्मेंद्र शर्मा कोषाध्यक्ष देवेंद्र कुमार कुलदीप मुंशी आदि उपस्थित रहे।

# सुरेन्द्र नागर बने हरियाणा के लोकसभा सहप्रभारी

## भाजपा ने बनाए 23 चुनाव प्रभारी व सहप्रभारी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी शुरू कर दी है। शनिवार को भाजपा आलाकमान ने देश के 23 राज्यों के लिए राज्य चुनाव प्रभारी और सह प्रभारियों की सूची जारी कर दी है। राज्य सभा सांसद, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सुरेंद्र नागर को हरियाणा प्रदेश के सह प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।

आपको बता दें कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत देश के 23 राज्यों के लिए चुनाव प्रभारी और सह चुनाव प्रभारियों की सूची जारी की है। इस सूची में नोएडा के राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर का नाम भी शामिल है। सुरेंद्र सिंह नागर को हरियाणा का सह प्रभारी बनाया गया है। हरियाणा में विप्लव कुमार देव को चुनाव प्रभारी बनाया गया है।

देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी बैजयंत पांडा को दी गई है। बिहार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय को प. बंगाल की जिम्मदारी सौंपी गई है। यहां उन्हें ममता बनर्जी के गढ़ में बीजेपी का कमल खिलाने का जिम्मा सौंपा गया है। वहीं उनका साथ देने के लिए बीजेपी की आईटी सेल के चीफ अमित मालवीय और आशा लकड़ा को सह प्रभारी के तौर पर नियुक्त किया गया है। महेंद्र सिंह को मध्य प्रदेश का लोकसभा चुनाव प्रभारी और सतीश उपाध्याय को सह प्रभारी नियुक्त किया है।

उत्तराखंड की कमान दुष्यंत कुमार गौतम संभालेंगे। केरल के



लिए प्रकाश जावड़ेकर को लोकसभा चुनाव का प्रभारी नियुक्त किया गया है जबकि कर्नाटक के लिए राधा मोहन दास अग्रवाल प्रभारी होंगे और सुधाकर रेड्डी सह प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

बिहार में जहां बीजेपी सत्ता में वापसी की तैयारी में है वहां लोकसभा चुनाव के लिए विनोद तावड़े को प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि दीपक प्रकाश को सह प्रभारी बनाया गया है। झारखंड के लिए सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेयी को प्रभारी बनाया गया है।

ओडिशा के लिए विजयपाल सिंह तोमर को प्रभारी नियुक्त किया गया है, जबकि विधायक लता उसेंडी सह प्रभारी होंगे। पंजाब में विजय भाई रुपाणी को प्रभारी नियुक्त किया गया है और नरेंद्र सिंह सह प्रभारी होंगे। तमिलनाडु में अरविंद मेनन को प्रभारी और सुधाकर रेड्डी को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# यमुना प्राधिकरण ने प्लॉट खरीदने वालों को दी बड़ी राहत, बचेंगे आवंटियों के पैसे

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने अपने हजारों हजारों आवंटियों को एक बड़ी राहत प्रदान की है। यमुना प्राधिकरण द्वारा दी गई इस राहत से प्लॉट खरीदने वाले हजारों लोगों को बहुत बड़ा फायदा होने वाला है, जिससे उनका पैसा बचेगा।

आपको बता दें कि पिछले दिनों यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आवासीय प्लॉट की योजना लांच की गई थी। लोगों को यह योजना इतनी पसंद आई कि करीब एक लाख साठ हजार लोगों ने आवासीय प्लॉट लेने के लिए आवेदन किया। लकी ड्रॉ के बाद आवासीय प्लाटों का आवंटन किया कर दिया गया था। अब यमुना प्राधिकरण ने अपने सभी आवंटियों को एक बड़ी राहत देने का फैसला लिया है। प्राधिकरण के इस फैसले के बाद यमुना प्राधिकरण से प्लॉट लेने वाले खरीदारों को बड़ी




राहत तो मिलेगी ही, साथ ही उनका पैसा भी बचेगा।

दरअसल, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यीडा ने आवंटित भूखंडों पर भवन निर्माण के लिए आवंटियों को दो साल का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। इस बारे में आगामी 29 जनवरी को होने वाली बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। प्रस्ताव पास होने के बाद आवंटियों को भवन निर्माण के लिए दो साल का अतिरिक्त समय मिल जाएगा।

## क्या होती है प्राधिकरण की योजना

आमतौर पर प्राधिकरण योजना के तीन साल में सेक्टरों का आंतरिक विकास कर आवंटियों को भौतिक कब्जा देता है। इसके बाद आवंटियों को भूखंड पर निर्माण कार्य करना होता है, लेकिन तीन साल की निर्धारित अवधि में निर्माण कार्य न करने पर आवंटियों को विलंब शुल्क के साथ समय विस्तार दिया जाता है।पहले साल में एक प्रतिशत राशि के साथ एक साल का समय विस्तार मिलता है। लेकिन जमीनी विवाद के कारण प्राधिकरण आवंटियों को समय से भूखंडों पर कब्जा नहीं दे सका। जिन आवंटियों को कब्जा मिला है, सेक्टर में पहुंच मार्ग समेत अन्य सुविधाएं पूरी तरह से विकसित न हो पाने के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं करा सके हैं।

ये आवंटी विलंब शुल्क के दायरे में आ गए हैं। आवंटियों ने प्राधिकरण से निर्माण कार्य के लिए समय विस्तार देने की मांग की है। आवंटियों की मांग पर प्राधिकरण ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए दो साल का समय विस्तार देने का निर्णय किया है, लेकिन इसे बोर्ड की स्वीकृति के बाद ही लागू किया जाएगा।

इसलिए प्राधिकरण आगामी बोर्ड बैठक में समय विस्तार देने के लिए प्रस्ताव रखेगा। बोर्ड की स्वीकृति मिली तो हजारों आवंटियों को बड़ी राहत मिलेगी। जो आवंटी इसके दायरे में आ चुके हैं, उन्हें भी राहत मिलेगी। इसका सबसे अधिक फायदा 2009 की आवासीय भूखंड योजना के आवंटियों को मिलेगा।

# राजाराम जैन को पदमश्री मिलने पर आरडब्ल्यूए ने किया सम्मानित

**नोएडा।** आरडब्ल्यूए सेक्टर-34 ने साहित्यकार राजाराम जैन को पदमश्री मिलने पर सम्मानित किया।

शनिवार को फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए सेक्टर 34 द्वारा सेक्टर निवासी साहित्यकार राजाराम जैन को पदमश्री मिलने पर उनके निवास स्थान पर जाकर सम्मानित किया। फेडरेशन महासचिव धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि यह हमारे सेक्टर के लिए बहुत ही गौरव की बात है कि हमारे सेक्टर निवासी राजाराम जैन को पदमश्री दिए जाने की घोषणा की गई है, उनकी इस विशेष उपलब्धि के लिए आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने निर्णय लिया है, कि



जल्द ही एक बड़ा समारोह आयोजित करके उनको विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा । इस दौरान आरडब्ल्यूए अध्यक्ष के के जैन, महासचिव धर्मेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष देवेंद्र कुमार, कुलदीप मुंशी आदि उपस्थित रहे।

# ससुराल वालों के उत्पीड़न से तंग आकर इंजीनियर ने उठाया खौफनाक कदम

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा में ससुराल वालों द्वारा रोजाना किए जाने वाले उत्पीड़न से तंग आकर एक इंजीनियर ने खौफनाक कदम उठाया है। इंजीनियर ने अपनी ही कंपनी में काम करने वाली एक लड़की से लव मैरिज की थी।

आपको बता दें कि गुरूवार को ग्रेटर नोएडा के थाना सूरजपुर क्षेत्र में रहने वाले राहुल ने फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। राहुल के परिजनों को जब इसकी सूचना मिली तो वह कन्नौज से ग्रेटर नोएडा पहुंचे। राहुल के परिजनों ने उसकी मौत को लेकर कई सवाल खड़े किए हैं।

मृतक इंजीनियर राहुल के चाचा अशोक कुमार की ओर से थाना सूरजपुर में दर्ज कराई गई शिकायत में बताया गया कि राहुल एक कम्युनिकेशन कंपनी में इंजीनियर था। कंपनी में काम करने के दौरान राहुल की वर्ष 2018 में स्वेच्छा दुबे उर्फ शक्ति दुबे नामक युवती से जान पहचान हुई थी। बाद में दोनों में अफेयर चला और दोनों लव मैरिज कर ली। दोनों की एक तीन साल की बच्ची भी है।

राहुल के चाचा अशोक कुमार ने बताया कि राहुल की पत्नी स्वेच्छा दुबे, उसका भाई ऋषभ दुबे व अन्य ससुराल वाले राहुल का उत्पीड़न करते थे और आए दिन उसके साथ मारपीट करते थे। परिजनों का कहना है कि कुछ दिन पहले राहुल के ससुराल वालों ने उसकी पिटाई की थी। पिटाई के बाद राहुल ने अपनी बहनों को शरीर पर चोट के निशान के फोटो व्हाट्सएप पर शेयर किए थे। राहुल ने अपनी बहनों से अपने उत्पीड़न की बात भी कही थी। परिजनों का आरोप है कि ससुराल वालों के उत्पीड़न से परेशान होकर ही इंजीनियर राहुल ने आत्महत्या की है। थाना सूरजपुर पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नोएडा एन्ट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा एन्ट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमण्डल महासचिव वी0के0सेठ के नेतृत्व में पुलिस उपायुक्त (यातायात) अनिल यादव एंव ए0सी0पी0 पवन कुमार, राजीव गुप्ता, ट्रैफिक इन्सपैक्टर शैलेन्द्र सिंह से सैक्टर-14ए कार्यालय में मिला। बैठक में चर्चा के दौरान एनईए के महासचिव वी0के0सेठ तथा वरि0 उपाध्यक्ष राकेश कोहली ने अवगत कराया।

सैक्टर-49 चैराहे पर कोई रेड लाईट नही है, जिसके कारण दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है । चारो तरफ से लोग आते-जाते है जिसके कारण जाम की स्थिति बनी रहती है । अतः यहॉ पर रेड लाईट लगवाई जाए।



सैक्टर-63 में रेड लाईटें विगत कई माह से खराब है जिसके कारण जाम की स्थिति बनी रहती है । कृप्या रेड लाईट को ठीक करवाया जाए। नोएडा के अधिकांशतः चैराहों पर भिक्षा मॉगने वाले तथा बच्चों की संख्या विगत 6 माह से बढ़ती जा रही है। इनके सडकों के बीच खड़े होने पर यातायात प्रभावित होता है। अतः भिखारियों को रेड लाईटों पर खडा होने से रोका जाए।

औद्यौगिक सैक्टरों और अन्य मुख्य चैराहों जैसे एडोप आदि पर अधिकांश पीक आवर्स के समय रेड लाईटों में सही समय निर्धारित होने के कारण जाम की स्थिति पैदा हो जाती है । अतः स्मार्ट रेड लाईटें जो कि रेड लाईट के पोलों पर लगे कैमरों से यातायात को देखते हुए स्वयं स्वचालित होती है ऐसी स्मार्ट लाईटे औद्योगिक सैक्टरों के मुख्य चैराहों पर लगाई जाए।

इस मौके पर बैठक में एनईए महासचिव वी0के0सेठ, वरि0 उपाध्यक्ष राकेश कोहली, मुकेश कक्कड, कोषाध्यक्ष शरद चन्द्र जैन, सचिव राहुल नैययर, अजय अग्रवाल, कार्तिक मिश्रा, अमित बंसल, प्रदीप कपूर उपस्थित थे।

# नोएडा की बेटियों को सीएम योगी से मिला बड़ा इनाम

**नोएडा (चेतना मंच)।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने नोएडा की दो बेटियों को ना केवल सम्मानित किया है, बल्कि यूपी सरकार की ओर से बड़ा इनाम भी दिया है। सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ ही केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी इन बेटियों द्वारा किए गए कार्य की सराहना की गई है। दोनों बेटियों को शनिवार को यूपी की राजधानी लखनऊ में बड़ा पुरस्कार दिया गया।

आपको बता दें कि नोएडा की बेटी और शतरंज खिलाड़ी वंतिका अग्रवाल तथा ब्रिज खिलाड़ी आशा शर्मा ने पिछले दिनों चीन में आयोजित एशियन गेम्स में रजत पदक यानि सिल्वर अवार्ड जीतकर भारत के साथ साथ यूपी और गौतमबुद्धनगर जनपद का नाम



रोशन किया था। शतरंज खिलाड़ी वंतिका अग्रवाल नोएडा के सेक्टर 27 और आशा शर्मा नोएडा के सेक्टर 26 में रहती है। एशियन गेम्स में रजत पदक हासिल करने के बाद दोनों को सीएम योगी आदित्यनाथ की ओर से बुलावा भेजा गया था।

शनिवार को लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने वंतिका और आशा शर्मा को सम्मानित किया। इस दौरान दोनों को डेढ-डेढ़ करोड़ रूपये के चेक और सरकारी नौकरी दी गई।

इसके अलावा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले चार टेनिस खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इनमें सेक्टर-34 निवासी सिद्धार्थ विश्वकर्मा को सात लाख रुपये और सेक्टर-36 सिद्धार्थ रावत को छह लाख रुपये प्रदान किए गए। वहीं सेक्टर-30 निवासी रुशिल खोसला और यश चौरसिया को 50- 50 हजार रुपये प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में गोवा में आयोजित राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में स्क्वैश कांस्य हासिल करने वाली सेक्टर-50 निवासी नव्या सुंदराजन को 50 हजार रुपये प्रदान किए गए।

